

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 09 अप्रैल 2025 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-011 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 10 अप्रैल 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### अब नहीं देनी होगी आधार की फोटो कॉपी

नई दिल्ली,9 अप्रैल। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार कार्ड का नया ऐप टेस्टिंग फेज में लॉन्च कर दिया है। अब आधार कार्ड का डिजिटल युग में एंट्री हो चुका है। केंद्रीय सरकार ने हाल ही में एक नया आधार ऐप लॉन्च किया है, जिससे अब आधार की फोटोकॉपी देने की जरूरत नहीं होगी। अब, QR कोड और फेस ID के माध्यम से आसानी से वेरिफिकेशन किया जा सकेगा। यह ऐप यूजर्स को आधार की जानकारी को पूरी तरह से डिजिटल और सुरक्षित तरीके से साझा करने की सुविधा देगा। अब आधार वेरिफिकेशन क्यूआरकोड स्कैन करके किया जा सकेगा, जैसे हम PI पेमेंट करते हैं। इससे वेरिफिकेशन प्रक्रिया तेज और सुरक्षित हो जाएगी। ऐप का सबसे बड़ा फायदा यह है कि, अब चेहरे से आधार की पहचान हो सकेगी। यह वेरिफिकेशन को सरल और तेज बनाता है। इस ऐप की मदद से आधार कार्ड की जानकारी डिजिटल रूप से साझा की जा सकेगी और इसकी प्राइवेसी बनाए रखी जाएगी। चाहे होटलों में चेक-इन हो या हवाई अड्डों पर सुरक्षा जांच, अब आधार कार्ड की फोटोकॉपी देने की जरूरत नहीं होगी।

### मोबाइल चलाने से मना किया तो छात्र ने लगाई फांसी

सरगुजा,9 अप्रैल। छत्तीसगढ़ के सरगुजा में मोबाइल की लत के चलते एक नाबालिग ने अपनी जान दे दी. मामला सीतापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत महेशपुर गांव का है. यहां 9वीं कक्षा के छात्र को परिजनों ने अधिक मोबाइल इस्तेमाल करने पर फटकार लगाई, तो नाराज बेटे ने जंगल जाकर फांसी लगा ली. ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और परिजनों को सूचित कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, नाबालिक छात्र की पहचान विक्रम सिंह, पिता संग्राम सिंह, निवासी-कसाईडीह के रूप में हुई है. नाबालिग छात्र को अधिकतम समय मोबाइल चलाते देखने पर परिजनों ने उसे डांटा और पढ़ाई करने के लिए कहा. लेकिन बेटे को डांटना परिजनों को महंगा पड़ा, नाराज नाबालिक छात्र ने आवेश में आकर महेशपुर के जंगल में पेड़ की टहनी में रस्सी से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी. इस घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. फिलहाल पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है.

### कालेज में छात्र पर गिरा मार्बल

रघुनाथनगर,9 अप्रैल। शासकीय नवीन महाविद्यालय में यह घटना तब घटी, जब जब छात्र-छात्राएं क्लासरूम में पढ़ाई कर रहे थे. घटना में गंभीर रूप से घायल छात्रा को इलाज के लिए कॉलेज प्रबंधन ने वाड्रफनगर स्थित सिविल अस्पताल लाया. बता दें कि कई साल बीत जाने के बाद पुराने अस्पताल बिल्डिंग में रघुनाथनगर का शासकीय नवीन महाविद्यालय संचालित है. आज की घटना जिम्मेदारों की आंख खोलने के लिए काफी है कि महाविद्यालय का संचालन या तो दूसरे भवन में किया जाए या फिर जिस भवन में संचालित है, उसकी अच्छे से मरम्मत कराई जाए.

# ईवीएम धोखाधड़ी की मशीन : खड़गे

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में उठा ईवीएम का मुद्दा

गांधीनगर,9 अप्रैल। कांग्रेस अहमदाबाद में दो दिवसीय सीडब्ल्यूसी बैठक कर रही है। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी ने मोदी सरकार के खिलाफ़ अपना अभियान तेज़ कर दिया है। अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार की योजनाएं विफल हैं क्योंकि बेरोज़गारी का मुद्दा अभी भी बड़ा बना हुआ है। देश में ख़तरा यह है कि पूरे भारत में बेरोज़गारी बहुत ज़्यादा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री देश के ग़रीबों के बारे में नहीं सोच रहे हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी देश की अखंडता की रक्षा करेगी और सभी समाजों के कल्याण के लिए काम करेगी। खड़गे ने आगे कहा कि पूरी दुनिया के विकसित देश ईवीएम को छोड़कर बैलेट पेपर की तरफ चले गए हैं। दुनिया में तमाम देश ईवीएम का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं, लेकिन हम ईवीएम पर निर्भर हैं। ये सब फ्रॉड है। सरकार ने ऐसे तरीके ईजाद कर लिए हैं, जिससे सिर्फ उन्हें ही फायदा मिल रहा है, लेकिन आने वाले समय में देश के नौजवान उठ खड़े होंगे और कहेंगे कि हमें ईवीएम नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच है कि न किसी को हिमालय की चोटी पर बैठाना है और न किसी को पाताल में धकेलना है। ये गांधी जी के शब्द हैं और इस बात को आज मैं इसलिए दोहरा रहा हूं, क्योंकि आज देश में हालात ऐसे हैं, जहां गरीब और अमीर के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सांप्रदायिक संस्थाओं, उनके जहरीले सिद्धांतों तथा कामों का सही उत्तर ये होगा कि कांग्रेस प्रबल जनमत तैयार करे ताकि वे प्रभावहीन हो जाएं।



उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 11 वर्ष में सत्ताधारी दल संविधान पर चोट कर रहा है। हमारे संवैधानिक मूल्यों, संवैधानिक प्रावधानों, संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार हमला हो रहा है और इसको रोकना जरूरी है। हाल में हुए संसद के बजट सत्र में सरकार ने मनमाने तरीके से सदन चलाया। सदन में नेता विपक्ष राहुल गांधी जी को बोलने नहीं दिया गया। लोकतंत्र में यह लज्जा की बात है। ये दिखाता है कि मौजूदा सरकार किस मानसिकता के साथ चल रही है, इसलिए हमें आवाज उठाना जरूरी है, क्योंकि आज जो हो रहा है, वैसा पहले कभी नहीं हुआ। खड़गे ने दावा किया कि जन सरोकार के जरूरी मुद्दों पर बहस करने के बजाय सरकार सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए रात के तीन-चार बजे तक संसद में बहस कराती रही और मणिपुर जैसे मुद्दे पर रात के साढ़े चार बजे बहस शुरू होती है। हमने हमेशा मणिपुर के मुद्दे पर चर्चा करनी चाही, लेकिन कभी भी सरकार इसके लिए नहीं मानी। इसका मतलब है कि सरकार जनता से अपनी नाकामी छिपाना चाहती है। जब देश के लोग सो रहे थे, तब कई महत्वपूर्ण बिल आधी रात को सदन में लाए गए। यह सरकार आहिस्ता-आहिस्ता लोकतंत्र को खत्म कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि देश की अर्थव्यवस्था में मोनोपॉली स्थापित की जा रही है। सार्वजनिक संपत्तियों को धीरे-धीरे निजी हाथों में सौंपा जा रहा है।

# मंत्री और सांसद प्रदेश भर में करेंगे औचक निरीक्षण: साय

रायपुर,9 मई। भाजपा की संगठन बैठक के संबंध में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि सुशासन तिहार प्रदेश में प्रारंभ हुआ है. 15 महीनों की सरकार है. पीएम मोदी के वादों को छत्तीसगढ़ की जनता के लिए पूरा करने प्रयास किए हैं. चाहे प्रधानमंत्री आवास की बात हो, धान खरीदने की बात हो या फिर महतारी वंदन योजना हो. सुशासन देंगे, भ्रष्टाचार के मामले जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाए हैं.मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मीडिया से चर्चा में कहा कि सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का प्रयास है, इसके लिए मंत्री और सांसद प्रदेश भर में औचक निरीक्षण करेंगे. 11 तारीख तक पार्टी पदाधिकारी जनता के बीच जाएंगे और उनकी समस्याओं का निवारण करेंगे. वहीं गुजरात में कांग्रेस के अधिवेशन के संबंध में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कांग्रेस अधिवेशन करते रहती है. उनकी करनी और कथनी में बहुत फर्क होता है. पार्टी आज देश की जनता का विश्वास खो चुकी है. चाहे कुछ भी करले जनता का विश्वास खो चुके हैं. सिर्फ ब्राह्मण ही नहीं, पूरे देश की जनता उनसे दूर हो रही है. वहीं वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर विष्णु देव साय ने कहा कि इसके लागू होने से समय और खर्च की बचत होगी. चुनाव चलते रहते हैं, आचार संहिता लगी रहती है. कई काम प्रभावित होते हैं, इसलिए प्रधानमंत्री का प्रयास है. इसके लिए पूरे देश में वन नेशन वन इलेक्शन लागू हो. उन्होंने कहा कि इस दिशा में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अध्यक्षता में कमेटी बनी है. हमने भी अभी छोटा सा प्रयास नगरी निकाय और पंचायत चुनाव के साथ कराकर उस दिशा में कदम रख चुके हैं.



**कांग्रेस खो चुकी है विश्वास**

# मुसलमान भी आरएसएस में हो सकते हैं शामिल: भागवत

वाराणसी,9 अप्रैल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के एक हालिया बयान ने देश की राजनीति और समाज में हलचल मचा दी है। वाराणसी में दिए गए उनके भाषण में उन्होंने कहा कि संघ किसी की पूजा पद्धति या धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता। उन्होंने यह भी कहा कि मुसलमान भी आरएसएस में शामिल हो सकते हैं–लेकिन इसके लिए उन्हें भारत माता की जय का नारा स्वीकार करना होगा और भगवा झंडे का सम्मान करना होगा। संघ का दरवाजा सभी के लिए खुला है। भागवत ने स्पष्ट किया कि संघ केवल हिंदुओं के लिए नहीं है। उन्होंने कहा, 'संघ का दरवाजा हर जाति, संप्रदाय और धर्म के लिए खुला है। चाहे वह हिंदू हो, मुसलमान हो, सिख हो या ईसाई–हर कोई शामिल हो सकता है।' लेकिन उन्होंने एक चेतावनी भी दी–'जो खुद को औरंगजेब का वारिस समझते हैं, उनके लिए संघ में कोई जगह नहीं है।' यह बयान कहीं न कहीं यह संकेत देता है कि ऋस्स भले ही हिंदुत्व की विचारधारा से जुड़ा हो, लेकिन वह ऐसे मुस्लिमों को स्वीकार करने को तैयार है जो भारत की संस्कृति को अपनाते हैं और राष्ट्रवाद में विश्वास रखते हैं। मोहन भागवत के इस बयान की सबसे बड़ी शर्त यही रही कि संघ में आने वाले लोगों को भारत माता की जय का नारा लगाना होगा और भगवा झंडे का सम्मान करना होगा। उन्होंने कहा, 'हमारी संस्कृति अलग-अलग पंथों में बंटी हो सकती है, लेकिन मूल संस्कृति एक है। जो इस मूल संस्कृति का आदर करेगा, वह संघ का हिस्सा बन सकता है।' इस शर्त को लेकर सोशल मीडिया और राजनीतिक गलियारों में बहस छिड़ गई है। कुछ इसे संघ की समावेशी सोच मान रहे हैं, तो कुछ इसे सांस्कृतिक एकरूपता थोपने की कोशिश बता रहे हैं। बहुत से लोग यह नहीं जानते कि आरएसएस के अंतर्गत मुस्लिमों के लिए एक अलग मंच पहले से सक्रिय है–राष्ट्रीय मुस्लिम मंच। यह मंच उन मुस्लिमों का प्रतिनिधित्व करता है जो भारतीय संस्कृति और राष्ट्रवाद के समर्थक हैं। इसके राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद अफजल हैं जबकि वरिष्ठ ऋस्स नेता इंद्रेश कुमार इसके मार्गदर्शक हैं। यह मंच मुस्लिम समुदाय के भीतर राष्ट्रवादी सोच को बढ़ावा देता है और मुस्लिम समाज के साथ संवाद कायम करने का प्रयास करता है। यह संघ की ओर से मुस्लिम समुदाय के लिए पुल का काम करता है। मोहन भागवत ने अपने भाषण में यह भी कहा, 'संस्कृति से ही देश की आत्मा जुड़ी होती है। चाहे पूजा पद्धति कुछ भी हो, लेकिन संस्कृति भारतीय होनी चाहिए। यह संस्कृति भगवा ध्वज और भारत माता की जय में समाहित है।



# आरबीआई ने घटाया रेपो रेट ईएमआई में आएगी गिरावट

नई दिल्ली,9 अप्रैल। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने 9 अप्रैल 2025 को अपनी मॉनेटरी पॉलिसी में 25 बेसिस प्वाइंट्स (0.25%) की कमी की घोषणा की है। अब रेपो रेट 6% पर आ गया है। यह इस साल की दूसरी कटौती है, जिससे होम लोन और कार लोन के ग्राहकों को राहत मिलेगी। इस बदलाव से न केवल मौजूदा ग्राहकों को फायदा होगा, बल्कि जो लोग नए लोन लेने का सोच रहे हैं, उन्हें भी कम ब्याज दरों पर लोन मिल सकता है। इससे न केवल उनके लोन की ईएमआई कम होगी, बल्कि नए लोन लेने वालों के लिए भी इस बदलाव का फायदा होगा। आइए, जानते हैं कि यह बदलाव कैसे आपको एफेक्ट करेगा। आरबीआई के रेपो रेट में कमी का सीधा असर होम लोन पर पड़ेगा। बैंक और फाइनेंसियल इंस्टीट्यूशन अपनी ब्याज दरों में कटौती करेंगे, जिससे होम लोन के ग्राहकों की ईएमआई में कमी आएगी। खासकर फ्लोटिंग रेट पर लोन लेने वाले ग्राहकों को इस कमी का सबसे बड़ा फायदा होगा। साथ ही, जो लोग अब होम लोन लेने की योजना बना रहे हैं, उन्हें भी कम ब्याज दरों पर लोन मिल सकेगा। कार खरीदने की योजना बना रहे ग्राहकों के लिए भी यह एक अच्छा समय है।

# जल्द कम होगा टोल टैक्स:गडकरी

नई दिल्ली,9 अप्रैल। भारत में सड़क परिवहन और राजमार्ग के क्षेत्र में कई बदलाव होने जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में एक अहम घोषणा की है कि सरकार जल्द ही एक नया टोल सिस्टम लागू करने जा रही है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को राहत देना है। इस नई प्रणाली के तहत टोल की दरों में कमी की जाएगी, जिससे आम जनता पर वित्तीय बोझ कम हो सके। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, हम एक नई नीति ला रहे हैं, जिससे आम आदमी को राहत मिलेगी। हम टोल की प्रक्रिया को बदल रहे हैं और इस नए सिस्टम का ऐलान अगले 8-10 दिनों में किया जा सकता है। गडकरी का दावा है कि यह नया टोल सिस्टम जनता के लिए अधिक किफायती होगा। केंद्रीय मंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि नए सिस्टम के लागू होने के बाद टोल रेट्स में कमी आएगी। गडकरी ने इसके पहले राज्यसभा में इस नई टोल नीति का जिक्र किया था। उनका कहना था कि भारत के बढ़ते सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए टोल चार्ज जरूरी हैं, लेकिन सरकार इसे अधिक उपभोक्ता-मित्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत में नेशनल हाईवे पर टोल प्लाजा की संख्या और दरों को लेकर पहले ही नियम बने हुए हैं। 2008 के नियमों के तहत, किसी भी एक ही दिशा में 60 किलोमीटर के भीतर दो टोल प्लाजा नहीं बनाए जा सकते। इसके अलावा, सभी टोल प्लाजा और शुल्क संग्रहण नियम 2008 के तहत निर्धारित किए गए हैं, जो कि टोल संग्रहण को और अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाता है। हाल के सालों में, भारत का टोल कलेक्शन काफी बढ़ा है। जानकारी के अनुसार 2023-24 में टोल रेवेन्यू 64 हजार 809.86 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो पिछले साल की तुलना में 35% अधिक है। वहीं, 2019-20 में यह रेवेन्यू मात्र 27,503 करोड़ रुपए था।



# बच्ची से दरिंदगी: पीड़ित पक्ष के लिए विधायक ने सुको के 5 वकीलों को किया हायर

दुर्ग,9 मई। दुर्ग में मासूम बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से स्थानीय वकीलों के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट के पांच वकीलों की टीम केस लड़ेगी. इस बात की जानकारी देते हुए वैशाली नगर से भाजपा विधायक रिकेश सेन ने कहा कि हमारी कोशिश है कि पीड़ित पक्ष को जल्द न्याय मिले. विधायक रिकेश सेन ने मीडिया से चर्चा में बताया कि बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के मामले में भिलाई के वकील राजकुमार तिवारी निःशुल्क सेवा देंगे. वहीं सुप्रीम कोर्ट के पांच वकीलों की टीम भिलाई आएगी. हम लगातार उनके संपर्क में हैं. बांसुरी स्वराज से भी बातचीत चल रही है. इस कानूनी लड़ाई में वकीलों का जो भी खर्च होगा, मैं खुद जनसहयोग से वहन करूंगा. रिकेश सेन ने कहा कि सबूत के अभाव में लोग छूट जाते हैं. मैं अभी दिल्ली गया था, जहां मैंने पांच बड़े वकीलों से मुकदमा लड़ने की बात की है. इसके साथ तय किया कि स्थानीय स्तर में दुर्ग जिले के पांच अधिवक्ता निःशुल्क इस पूरे प्रकरण को देखेंगे. सबसे बड़े क्रिमिनल वकील राजकुमार तिवारी के नेतृत्व में पांच लोगों का पैनल इस मामले को देखेगा. उन्होंने कहा कि इसका पूरा खर्च जन सहयोग से हम वहन करेंगे.

# जनता के अधिकारों का भी ध्यान रखे ईडी:सुको

नई दिल्ली,9 अप्रैल। प्रवर्तन निदेशालय के पास यदि मूल अधिकार हैं, तो आम जनता के भी ऐसे ही अधिकार हैं. सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह स्पष्ट किया है. ईडी ने आर्टिकल 32 के तहत एक याचिका शीर्ष अदालत में प्रस्तुत की थी, जिसमें छत्तीसगढ़ के नागरिक आपूर्ति निगम में हुए घोटाले की जांच को दिल्ली स्थानांतरित करने की मांग की गई थी. सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि यदि ईडी के पास अपने मूल अधिकार हैं, तो उसे जनता के अधिकारों का भी ध्यान रखना चाहिए. बेंच ने यह भी स्पष्ट किया कि आर्टिकल 32 के तहत याचिका तभी स्वीकार की जा सकती है, जब मूल अधिकारों का उल्लंघन हुआ हो. इसके बाद, ईडी ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली है.

ईडी ने पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा और अन्य के खिलाफ चल रहे मामले में एक अर्जी दाखिल की है. ये सभी 2015 के एक मामले में आरोपी हैं, जिसमें नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा चावल की खरीद और वितरण में बड़े पैमाने पर घोटाले का आरोप लगाया गया है. ईडी का आरोप है कि छत्तीसगढ़ का आपराधिक न्याय प्रणाली इस जांच को प्रभावित कर रही है, जहां गवाहों को धमकाया जा रहा है और जांचकर्ताओं पर राजनीतिक दबाव डाला जा रहा है. ईडी ने इस मामले को नई दिल्ली में पीएमएलए के तहत विशेष अदालत में स्थानांतरित करने और नए सिरे से ट्रायल शुरू करने की मांग की है. एजेंसी ने बताया कि इस मामले की जांच पर 2018 में सरकार के परिवर्तन का गहरा प्रभाव पड़ा. टुटेजा तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निकट हो गए और उन्हें अग्रिम जमानत प्रदान की गई, जिससे जांच को प्रभावित करने का प्रयास किया गया. इसके अलावा, एजेंसी ने एसआईटी के सदस्यों और टुटेजा के बीच हुई वॉट्सऐप चैट्स का उल्लेख किया और कॉल रिकॉर्ड का डेटा भी प्रस्तुत किया. हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की याचिका पर सवाल उठाए, यह कहते हुए कि यह आश्चर्यजनक है कि ईडी जैसी संस्था ने सरकार की एजेंसियों के खिलाफ याचिका दायर की है. अडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने ईडी की ओर से पेश होकर याचिका वापस लेने की बात कही.

# सीजीपीएससी घोटाला हत्या से भी ज्यादा जघन्य अपराध है : हाईकोर्ट

बिलासपुर,9अप्रैल। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सीजीपीएससी घोटाले पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि यह हत्या से भी ज्यादा जघन्य अपराध है क्योंकि, एक व्यक्ति की हत्या करने से केवल एक परिवार प्रभावित होता है। लेकिन, लाखों अभ्यर्थियों का करियर बर्बाद करने से पूरा समाज प्रभावित होता है।जस्टिस बीडी गुरु की सिंगल बेंच ने इस टिप्पणी के साथ ही डिप्टी कलेक्टर बने शशांक गोयल और उसकी पत्नी भूमिका कटियार की जमानत याचिका खारिज कर दी है। बता दें कि सीबीआई ने दोनों आरोपियों को 6 दिसंबर 2024 को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी। सीजीपीएससी की 2020-2022 की भर्ती प्रक्रिया में बड़ी गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। भाजपा के सीनियर लीडर ननकीराम कंवर ने इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका भी लगाई थी। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों की सूची भी हाईकोर्ट को दी थी, जिसमें नेता, अधिकारी और रसूखदार कारोबारियों के रिश्तेदारों का सिलेक्शन किया गया। मामला हाईकोर्ट पहुंचने के बाद राज्य सरकार ने जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा था। इस मामले में तत्कालीन अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी पर अपने रिश्तेदारों को फायदा पहुंचाने का आरोप है। सोनवानी के करीबी रहे रायपुर के उद्योगपति बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड के डायरेक्टर श्रवण गोयल के बेटे शशांक गोयल और बहू भूमिका कटियार का चयन डिप्टी कलेक्टर के पद पर हुआ था। सीबीआई ने केस दर्ज कर जांच शुरू की, जिसके बाद सीजीपीएससी के तत्कालीन चेयरमैन टामन सोनवानी को गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान बजरंग पावर के डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल को भी अरेस्ट किया गया। इस केस में टामन के भतीजे साहिल सोनवानी, श्रवण कुमार गोयल के बेटे शशांक गोयल और बहू भूमिका कटियार की भी गिरफ्तारी की गई। जिस पर शशांक और उसकी पत्नी भूमिका कटियार ने जमानत के लिए हाईकोर्ट में अर्जी लगाई थी।



# आतंकी तहव्वुर राणा को स्पेशल फ्लाइट से भारत रवाना किया गया

मुंबई,9 अप्रैल। 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के दोषी तहव्वुर राणा भारत लाया जा रहा है. मिली जानकारी के अनुसार जांच एजेंसी NIA और खुफिया एजेंसी RAW की एक जॉइंट टीम तहव्वुर को लेकर स्पेशल फ्लाइट में रवाना हो चुकी हैं. आज देर रात तक उसके भारत पहुंचने की संभावना है. राणा को NIA अगले कुछ हफ्तों तक उसे अपनी कस्टडी में रखेगी. 2008 मुंबई आतंकी हमले के दोषी राणा के प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की याचिका अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को खारिज कर दी. राणा ने भारत आने से बचने के लिए याचिका दायर की थी. अपनी याचिका में राणा खुद को पार्किंसन बीमारी से पीड़ित बताते हुए कहा था कि अगर भारत डिपोर्ट किया गया तो उसे प्रताड़ित किया जा सकता है. गौरतलब है कि 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने हमले किए. चार दिनों तक चले इन हमलों में कुल 175 लोग मारे गए, जिनमें 9 हमलावर भी शामिल थे, और 300 से अधिक लोग घायल हुए. अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में FBI ने ओ'हेयर एयरपोर्ट से तहव्वुर राणा को गिरफ्तार किया था. राणा पर मुंबई और कोपेनहेगन में आंतकी हमले को अंजाम देने के लिए जरूरी सामान मुहैया कराने का आरोप था. हेडली की गवाही के आधार पर तहव्वुर को 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी. वह अमेरिका के लॉस एंजिल्स के एक डिटेंशन सेंटर में बंद है.

# 1.65 करोड़ का गोल्ड लोन घोटाला बैंक की असिस्टेंट मैनेजर गिरफ्तार

रायपुर,9 अप्रैल। ईओडब्ल्यू ने दो साल से फरार बैंक की पूर्व असिस्टेंट मैनेजर को गिरफ्तार किया है. ये मैनेजर इतनी शातिर थी कि उसने उन अकाउंट्स को अपना टारगेट बनाया जिसमें ज्यादा ट्रांजेक्शन नहीं होते थे या ऐसे अकाउंट्स जो कुछ महीनों से बंद पड़े थे. इस ठग ने 1 करोड़ 65 लाख रुपए से अधिक की ठगी को अंजाम दिया है. इसके चालाकी का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते है कि वो पिछले 2 वर्षों से फरार चल रही थी और पुलिस उसे पकड़ नहीं पा रही थी. दरअसल, यह पूरा मामला छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले का है, जहां स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक की राजिम शाखा में करोड़ों रुपये के गोल्ड लोन घोटाले का खुलासा साल 2023 हुआ था. इस मामले में फरार आरोपी राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने बैंक की पूर्व सहायक प्रबंधक अंकिता पाणिग्रही को ओडिशा के बरगढ़ से गिरफ्तार किया है. आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है. ईओडब्ल्यू द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, वर्ष 2022 में आरोपी अंकिता पाणिग्रही ने राजिम स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक में सहायक प्रबंधक के पद पर रहते हुए हितग्राहियों के बंद खातों का इस्तेमाल कर फर्जी दस्तावेजों के ज़रिए 1 करोड़ 65 लाख रुपये के गोल्ड लोन स्वीकृत किए. इन लोन की राशि सीधे बैंक से निकालकर गबन कर ली गई. बैंक प्रबंधन द्वारा मामले की शिकायत मिलने पर ईओडब्ल्यू ने वर्ष 2023 में घोटाले की जांच शुरू की थी. जांच के बाद भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(क) (संशोधित 2018) और IPC की धारा 409 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत अपराध दर्ज किया गया. ईओडब्ल्यू की टीम फिलहाल आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है. शुरुआती जांच में यह संकेत मिले हैं कि इस घोटाले में और भी बैंककर्मी या बाहरी लोग संलिप्त हो सकते हैं. अब ईओडब्ल्यू यह पता लगाने में जुटी है कि फर्जी लोन योजना को अंजाम देने में किन-किन की भूमिका रही.

**आईओबी की गरियाबंद शाखा का मामला**



# पुलिस चौकी में ग्रामीणों ने देर रात तक मचाया हंगामा

कवर्धा,9 मई। जिले के पोड़ी पुलिस चौकी में बीती रात ग्रामीणों ने जमकर हंगामा मचाया. बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस चौकी को घेरकर आधी रात तक विरोध-प्रदर्शन करते रहे. उन्होंने एएसआई पर दो लाख रुपए रिश्वत लेने के बाद भी आरोपियों को नहीं छोड़ने का आरोप लगाया. आखिरकार प्रशासनिक हस्ताक्षेप के बाद ग्रामीण शांत हुए. ग्रामीणों का कहना था कि आईपीएल सट्टा के मामले में पकड़े गए चार आरोपियों को छोड़ने के एवज में पुलिस ने 4 लाख रुपए की मांग की थी, लेकिन लेन-देन के बाद 2 लाख में मामला ÷सेट÷ हुआ. आरोप है कि रिश्वत लेने के बावजूद आरोपियों को जेल भेज दिया गया, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया. ग्रामीणों ने जब एएसआई से पैसे वापस मांगे गए, तो विवाद और बढ़ गया. इस पर ग्रामीणों ने चौकी पहुंचकर जोरदार विरोध किया और एएसआई दिनेश झरिया के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की जांच और दोषी पर कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपा है. पोड़ी चौकी में पदस्थ दिनेश झरिया ने कहा है कि मेरे ऊपर लगाए गए आरोप पूरी तरह से निराधार है. पहले तो कार्रवाई नहीं करने और चारों आरोपियों को हथकड़ी नहीं लगाने के लिए पैसे देने की बात बात कर रहे थे. लेकिन हमने मामले की जानकारी अपने उच्च अधिकारियों दे दी थी, किसी से कोई पैसा नही लिया गया है.

एक नजर

## उद्योगपति संगीता केतन शाह के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**भिलाई, 9 अप्रैल।** भिलाई सूर्य विहार कालोनी निवासी उद्योगपति व वैशाली नगर विस से निर्दलीय उम्मीदवार रहीं संगीता केतन शाह के खिलाफ पुलगांव थाने में एक करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है उन पर आरोप है कि उसने अपनी पुलगांव की जिस जमीन को एक करोड़ में बेचा था उसके नक्शे में पश्चिम दिशा में रोड दर्शाई थी लेकिन मौके पर देखने पर पश्चिम दिशा में रोड नहीं थी इसके चलते बैनामा निष्पादित नहीं किया जा सका। इसके बाद पीड़ित नेहरू नगर पश्चिम निवासी उद्योगपति विशाल केजरीवाल ने पुलिस से शिकायत की। वर्ष 2022 में पीड़ित और आरोपित के बीच जमीन का सौदा तय हुआ था। पीड़ित ने 21 व 22 जून 2022 को दो किस्तों में कुल एक करोड़ रुपये आरटीजीएस से आरोपित के खाते में ट्रांसफर किए आरोपित ने पीड़ित के पक्ष में आम मुख्तयारनामा दिया और उसमें लिखा था कि जमीन की रजिस्ट्री और सीमांकन पीड़ित के नाम पर होगा जब पीड़ित ने मौके पर जाकर जमीन को नक्शे से मिलाया तो सौदे के दौरान दिए गए दस्तावेज की चौहद्दी और मौके की चौहद्दी में अंतर मिला पीड़ित ने आरोपित इकरारनामा में बताए गए चौहद्दी के अनुसार पश्चिम दिशा में रोड देने का निवेदन किया लेकिन आरोपित ने कोई व्यवस्था नहीं की आरोपित ने पीड़ित को घर या कार्यालय आने से मना कर दिया। पीड़ित ने ये भी आरोप लगाया कि आरोपित ने राजनीतिक पहुंच और उच्च अधिकारियों से संपर्क का धौंस दिखाकर झूठे केस में फंसाने की भी धमकी दी थी पुलगांव पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है ।

## धोखाधड़ी:फरार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 9 अप्रैल।** भिलाई स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगने का झांसा देकर प्रार्थी के साथ आरोपियों ने 3 लाख रुपए की धोखाधड़ी की थी फरार आरोपियों को उतई पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है उतई प्रभारी प्रमोद सिन्हा ने बताया कि प्रार्थी रूप कुमार यादव ( 55 साल ) निवासी वार्ड 5 मिलपारा उतई की बेटी को स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगने का झांसा देकर आरोपी नवीन सिंह शेखावत उर्फ मोनू निवासी बिजली ऑफिस के पास बोरसी कॉलोनी तथा विकास सिंह शेखावत उर्फ सोनू निवासी बिजली ऑफिस के पास बोरसी ने 3 लाख रुपए की धोखाधड़ी किए थे प्रार्थी की शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई थी पुलिस को सूचना मिली कि फरार आरोपी अपने घर आए हुए है सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## नौकरी के नाम ठगी,प्राथमिकी दर्ज

**भिलाई, 9 अप्रैल।** भिलाई बीएसपी में कंप्यूटर आपरेटर की नौकरी लगवाने के नाम पर तीन लाख की ठगी मामले में नेवई पुलिस ने आरोपित उमेश कुमार बारले के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी की है। आरोपित ने खुद को रायपुर मंत्रालय का कर्मचारी बताते हुए झांसा दिया था कि उसकी अफसरों से अच्छी जान पहचान है। मैत्री कुंज रिसाली निवासी शिकायतकर्ता नीलम सिंह के पति की मौत हो चुकी है और वह प्राइवेट काम करती है। पीड़िता के छोटे भाई दुर्गेश कुमार सिंह के दोस्त प्रवीण कुमार लकड़ा ने आरोपित से जान।

## कु. तारा साहू का नवोदय विद्यालय में चयन



**उतई, 9 अप्रैल।** दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह (उतई )में कक्षा पांचवी अंग्रेजी माध्यम में अध्यनरत छात्रा कु. तारा साहू का चयन सत्र 2025 - 26 में कक्षा छठवीं में नवोदय विद्यालय में हुआ है ।वे रिसाली निवासी श्री विजेंद्र कुमार साहू की सुपुत्री है । नवोदय विद्यालय में उनके चयन होने पर दीपशिखा शिक्षण समिति के सचिव डी एल सिन्हा, प्राचार्य श्री के आर सिन्हा, श्रीमती शांता सोनवानी, उप प्राचार्या अनीता अहीर, प्रधान पाठक एन के चंद्राकर, श्रीमती शरणजीत कौर, सहायक प्रधान पाठक एस आर सेन एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।नवोदय विद्यालय की तैयारी कराने में सहायक प्रधान पाठक श्री एस आर सेन का विशेष योगदान रहा है।

## रिसाली के सुशासन तिहार में 83 पहुंचे समाधान पेटी तकः दुबे



**रिसाली।** नगर पालिक निगम के प्रभारी आयुक्त व कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन तिहार में आम नागरिक रुचि दिखा रहे हैं। वे अपनी समस्या मूलक आवेदन लेकर निगम द्वारा रखे गए समाधान पेटी तक पहुंच रहे हैं। वे अपनी समस्या मूलक और मांग भरे आवेदन का निराकरण कराने आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं। रिसाली में आयोजित राज्य स्तरीय सुशासन तिहार में तेज गर्मी के बावजूद 83 लोग शिविर स्थल पहुंचे। समस्या मूलक आवेदन को समाधान पेटी में डाला। आवेदन में किसी ने आवास मांगा तो किसी ने घर से पानी निकासी का रास्ता मांगते आवेदन प्रस्तुत किए हैं। उल्लेखनीय है कि पहले दिन 83 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसमें से 75 मांग वाले आवेदन शामिल है वही 8 आवेदन शिकायती अंदाज में प्रस्तुत किए है। नगर पालिक निगम के प्रभारी आयुक्त व कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे ने बताया कि सर्वाधिक आवेदन पुरैना बस्ती में मिले हैं। आज से ही प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। आवेदनों में 75 मांग पत्र है। वहीं 8 शिकायत दूर करने का अनुरोध नागरिकों ने निगम प्रशासन से की है। उन्होंने बताया कि शिकायत पत्रों के आधार पर कार्यवाही शीघ्र की जाएगी।

# डिप्टी सीएम साव से नपाध्यक्ष ने मुलाकात कर विकास कार्यों की जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 9 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मंशानुरूप कवर्धा शहर को सुव्यवस्थित व स्वच्छ सुंदर शहर बनाने का कार्य किया जा रहा है शहर के चौक-चौराहों के साथ-साथ, महिला जीम की स्थापना, गौरवपथ निर्माण, तालाबों का संरक्षण एवं वार्ड की मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव से रायपुर में मुलाकात कर कवर्धा शहर में चल रहे विकास कार्यो की जानकारियों से अवगत कराया तथा नये विकास कार्यो के लिए अनुदान राशि की मांग की।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि अंबेडकर चौक से लेकर राजमहल चौक होते हुए समनापुर मार्ग तक बीटी रोड़ व आरसीसी नाला का निर्माण किया जायेगा। जिसके लिए अधोसंरचना मद अंतर्गत बजट वर्ष 2025-26 में शामिल करते हुए 2 करोड़ 60 लाख रू. का पूर्ण प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाना है उन्होनें बताया कि अंबेडकर चौक से लेकर समनापुर मार्ग तक का सड़क पूर्ण रूप से खराब हो चुका था जिसे नया निर्माण किये जाने हेतु उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से चर्चा कर राशि स्वीकृत कराने की मांग की गई थी। कार्य की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्राक्कलन तैयार कर राशि मांग हेतु शासन को पत्र प्रेषित किया गया था जिसके परिपालन में संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा पत्र क्रं. 2337 नवा रायपुर अटल दिनांक 24.03.2025 अनुसार अधोसंरचना मद अंतर्गत 2 करोड़ 60 लाख रू. का बजट में प्रावधान किया गया है। अब जल्द ही चमचमाती सड़क बन जाने से उस मार्ग में चलने वाले राहगीरों को परेशानी से मुक्ति मिलेगी।उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव से नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने नगर पालिका परिषद कवर्धा मे प्रस्तुत किये गये बजट को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होनें पाईप लाईन विस्तारीकरण, महिला जीम निर्माण, गौरवपथ निर्माण, बुढ़ामहादेव मंदिर से लक्ष्मीनारायण मंदिर तक कारीडोर निर्माण, प्रमुख मार्गो पर प्रवेश द्वार निर्माण, पिंक टॉयलेट, शहर के तालाब संर्वधन, मुक्तिधाम का विकास, शहर में आकर्षक विद्युत विस्तारीकरण कार्य, भवन निर्माण सहित अन्य मूलभूत कार्यो के लिए अनुदान राशि की मांग की।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव से चर्चा करते हुए बताया कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा शहर में वृहद विकास कार्य कराया जा रहा है उन्होनें बताया कि कवर्धा शहर के चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है तालाबों का जल स्तर बना रहे उसके लिए कार्य किया जा रहा है इसके साथ ही शहर को स्वच्छ शहर बनाने के लिए वार्डो में प्रतिदिन स्वच्छता के प्रति जागरूक लाने प्रयास किया जा रहा है ।

## अनिल वर्मा बने जिला पंचायत बेमेतरा के स्वास्थ्य वन विभाग के सभापति



**साजा,9 अप्रैल।** बेमेतरा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़कर चुनाव जीते अनिल वर्मा को जिला पंचायत में स्वास्थ्य,वन विभाग का सभापति बनाया गया अनिल वर्मा के सभापति बनने पर उनके निर्वाचन क्षेत्र में लोगो ने खुशी व्यक्त किया हे।

# जिला पंचायत सभापति दीपा ने पचास किलो चावल देकर त्वरित सहायता की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 9 अप्रैल।** सभापति जिला पंचायत कबीरधाम श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे अपने जिला पंचायत कबीरधाम क्षेत्र क्रमांक एक में दौरा कर रही थी । तभी भाजपा कार्यकर्ता के द्वारा फोन के माध्यम से सूचना मिला की बिरहुल्डीह के आश्रित ग्राम लिफड़ी मे ननसिंग बैगा पिता सेंदरू बैगा के घर को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा जला दिया गया है, सूचना मिलते ही स्वंम सभापति महोदय देर न करते हुए तुरंत ग्राम लिफड़ी पहुंचे, जहां पाया गया कि ननसिंग बैगा पिता सेंदरू बैगा का घर समेत खाने पीने का सामान सब जलकर राख हो चुका था वही से थाने वाले स्टॉप को फोन किया, एवम पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा जी को भी फोन के माध्यम से जानकारी दी, और आर्थिक सहायता के लिए भावना दीदी को आग्रह किया और स्वयं 50 किलो चावल 5 किलो दाल और सब्जी मुहैया कराई ।

# अपराधिक गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 9 अप्रैल।** शहर में अवैध कब्जा, अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने तथा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाने के लिए आज पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कवर्धा शहर की यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थल, सिग्नल प्वाईंट, शहर के गार्डनों की सुरक्षा, चौक-चौराहो पर सीसी टीवी कैमरा सहित अन्य पुलिसिंग व्यवस्था पर चर्चा हुई। बैठक मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र कुमार बघेल, जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य शहर से गुजरने वाले सड़क के किनारे



अवैध कब्जों को व्यवस्थित करने तथा अव्यवस्थित खड़े वाहनों को निर्धारित स्थान पर पार्किंग कर यातायात व्यवस्था को बाधित करने वाली गतिविधियों को समाप्त करना है। पुलिस अधीक्षक व नगर पालिका अध्यक्ष संयुक्त टीम बनाने को कहा। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे नशा का सेवन करने से बचें। समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता लाने और बच्चों को नशे से बचाने के लिए हम सबको प्रयास करना होगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर में हो रहे सड़क किनारे अवैध कब्जे और यातायात में बाधा डालने वाली गतिविधियों को पूरी तरह से समाप्त किया जाएगा। इस उद्देश्य के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि शहरवासियों को सुरक्षित और निर्बाध यातायात की सुविधा मिल सके। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि सड़क के किनारे अव्यवस्थित वाहन पार्किंग ना कर निर्धारित स्थान पर ही वाहन पार्किंग करें, शहर की सफाई और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। पुलिस विभाग व नगर पालिका इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेगा और किसी भी अव्यवस्था को दूर करने के लिए त्वरित कार्रवाई करेगा। उन्होंने वाहन मालिक एवं शहरवासियों से इस मुहिम में सहभागी बनने की अपील की और कहा कि यह कदम शहर के सुव्यवस्थित शहर व समुचित विकास के लिए आवश्यक है। साथ ही उन्होंने जिले के बस और ट्रक मालिकों से अनुरोध किया कि वे यातायात व्यवस्था को सुचारु और व्यवस्थित बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

पौधरोपण



**अर्जुनी में स्वच्छता अभियान चलाकर पौधारोपण किया गया**

**उतई।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल ओटेबबन्द के शक्ति केन्द्र सिरसिदा के अंतर्गत बूथ क्रमांक 217 ग्राम अर्जुनी में सेवा पखवाड़ा के तहत साफ सफ़ाई किया गया एवं अर्जुनी से साजा मार्ग के किनारे वृक्ष रोपण किया गया इस अवसर पर महामंत्री थानसिंह मंडावी, शक्ति केन्द्र संयोजक घनाराम साहू, बूथ अध्यक्ष मोहन लाल साहू, बूथ सचिव योगेश कुमार साहू, एमन कुमार साहू, कमलेश साहू, महेश्वरी साहू, धनेश्वरी साहू, द्रौपदी साहू, खिलेश्वरी साहू, कविता साहू, बिन्दु ठाकुर, राजवती साहू, पदमिनी साहू, कांति साहू उपस्थित थे

# सेल-रेल साझेदारी को समर्पित मैत्री क्रिकेट मैच आर-260 टीम ने जीता

**भिलाई, 9 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा भारतीय रेलवे को रेल पटरियों की आपूर्ति बीते छह दशकों से अधिक समय से की जा रही है। इस दीर्घकालिक और मजबूत साझेदारी को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रिसर्च कंट्रोल लैब, यूनिवर्सल रेल मिल तथा रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल के संयुक्त तत्वावधान में सेल-रेल मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन 5 अप्रैल की संध्या को किया गया। इस सौहार्दपूर्ण आयोजन के मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता थे, जिन्होंने दोनों टीमों से औपचारिक परिचय प्राप्त किया तथा प्रतीकात्मक बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी कर मैच का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी, कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी



तुषारकांत, मुख्य महाप्रबंधक टी दस्तीदार, मुख्य महाप्रबंधक राहुल श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक इन्द्रजीत सेनगुप्ता, महाप्रबंधक प्रभारी विशाल गुप्ता, उप महाप्रबंधक (राइट्स) एचएस नायक, प्रबंधक (राइट्स) रामकृष्णा तथा सहायक प्रबंधक सत्यनारायण प्रमुख रूप से सम्मिलित थे। बीएसपी एवं राइट्स की महिला कार्मिकों एवं अधिकारियों की जीवनसंगिनियों के लिए एक विशेष शो मैच का आयोजन भी किया गया, जिसे महाप्रबंधक जे के वर्मा की रोचक एवं व्यंग्यपूर्ण कमेंट्री ने अत्यंत मनोरंजक बना दिया। मुख्य मुकाबले में 350 एचटी टीम के कप्तान शिव कुमार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया, जबकि आर 260 टीम के कप्तान नितिन राजपूत अपनी टीम के साथ गेंदबाजी एवं क्षेत्ररक्षण के लिए मैदान में उतरे। उल्लेखनीय है कि आर 260 तथा 350 एचटी भारतीय रेलवे को आपूर्ति की जाने वाली रेल पटरियों के दो प्रमुख स्टील ग्रेड हैं।

# एलडी स्लैग की गाड़ियों का मामला सुलझने पर इंद्रजीत सिंह का किया गया स्वागत



**भिलाई, 9 अप्रैल।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू एवं संरक्षक प्रभुनाथ मिश्रा, सुधीर सिंह का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया और इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि इंद्रजीत सिंह जी छोटू के नेतृत्व, दूरदृष्टि और निरंतर प्रयासों के कारण ही यह सफलता संभव हो सकी है। यह क्षण न केवल संगठन के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे ट्रांसपोर्ट समुदाय की एकता और संघर्ष की जीत का प्रतीक है। विदित है कि भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह जी के नेतृत्व में भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा उनकी मांग को स्वीकार कर लिया गया है। लंबे समय से एसोसिएशन द्वारा एलडी स्लैग की गाड़ियों के आवागमन को लेकर जो मुद्दा उठाया जा रहा था, उस पर अब सकारात्मक निर्णय ले लिया गया है। बीएसपी मैनेजमेंट ने एलडी स्लैग ढोने वाली गाड़ियों को 7 नंबर गेट से प्रवेश देने की अनुमति दे दी है। इस फैसले से ट्रांसपोर्टरों को काफी सहूलियत मिलेगी। अब प्रतिदिन 70 गाड़ियों को एलडी स्लैग सामग्री के परिवहन के लिए 7 नंबर गेट से प्रवेश का परमिशन दिया गया है। पहले ट्रकों को अन्य गेट से होकर लंबा और जटिल मार्ग तय करना पड़ता था, जिससे न केवल समय की बर्बादी होती थी, बल्कि ईंधन की खपत और ट्रैफिक की समस्याएं भी बढ़ती थीं। 7 नंबर गेट से अनुमति मिलने के बाद अब गाड़ियों का संचालन अधिक व्यवस्थित और सुगम हो सकेगा। एसोसिएशन की ओर से यह मुद्दा कई बार बीएसपी मैनेजमेंट के समक्ष उठाया गया था। बैठकें भी हुईं, जिनमें परिवहन व्यवसायियों ने अपनी समस्याएं रखीं। अंततः बीएसपी प्रबंधन ने ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की बातों को समझते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया। इस अवसर पर इंद्रजीत सिंह ने भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की ओर से बीएसपी मैनेजमेंट का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल ट्रांसपोर्टरों के हित में है, बल्कि इससे संयंत्र क्षेत्र में सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। एसोसिएशन को उम्मीद है कि भविष्य में भी बीएसपी प्रबंधन इसी तरह सहयोग करता रहेगा और ट्रांसपोर्ट सेक्टर की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुलझाया जाएगा।




**भिलाई, 9 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के नव नियुक्त अध्यक्ष राकेश पांडेय ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर अपनी नियुक्ति के लिए आभार व्यक्त किया।

# महापौर परिषद की बैठक में विभिन्न कार्यों को दी गई स्वीकृति



भिलाई, 9 अप्रैल। नगर निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में बिन्दुवार 9 एजेण्डा विस्तृत चर्चा हेतु रखा गया था। जिसमें प्रमुख रूप से जोन क्र. 01 गोकुल नगर क्षेत्रांतर्गत शहर के सभी खटालों को स्थानांतरित करना था। वर्तमान में लगभग 168 खटालें संचालित हो रही है, अन्य खटालों को भी वहां पर व्यवस्थित करना है। इसलिए रोड नाली सौंदर्यीकरण एवं इलेक्ट्रिफिकेशन का उन्नयन कार्य आदि के लिए प्राक्कलन तैयार कर शासन को राशि 441.76 लाख की स्वीकृति हेतु भेजे जाने के लिए अनुशंसा प्रदान की गई। निगम क्षेत्र में स्थित एस.एल.आर.एम. सेंटर में मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी के लिए शेड निर्माण कार्य को विस्तृत चर्चा कर समय अवधि में गुणवत्तापूर्ण कराने हेतु सर्वसम्मति से पारित किया गया। जोन क्रं. 03 अंतर्गत वार्ड क्रं. 37 छावनी थाना के सामने लाल मैदान में डोम शेड, पेवर ब्लाक, ट्यूबलर पोल, मंच निर्माण कार्य को विस्तृत जानकारी के साथ पुनः महापौर परिषद में प्रस्तुत करने को कहा गया। विधायक वैशाली नगर द्वारा वैशाली नगर क्षेत्र में 9 अधोसरंचना मद एवं 02 राज्य प्रवर्तित मद के कार्य को स्वीकृति हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने एवं स्वीकृति के प्रत्याशा में महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ रखा गया, चर्चा उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई। फिल्टर प्लांट से निकलने वाले वेस्ट वाटर सिंचाई एवं अन्य कार्यो हेतु उपलब्ध कराने हेतु प्रस्ताव लाया गया था, जिसे विचार के बाद परिषद के सदस्यों द्वारा सराहना किये गये और दिये गये सुझाव के अनुसार पुनः प्रस्ताव बनाकर लाने हेतु कहा गया। जवाहर मार्केट का उन्नयन एवं विकास कार्य हेतु शासन द्वारा 7 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हो गया है। जिसका डी.पी.आर. तैयार कर सामान्य सभा में रखे जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। जोन क्रं. 02 वैशाली नगर में क्रिकेट बॉक्स, फुटबॉल ग्राउण्ड एवं प्रकाश व्यवस्था हेतु कार्य कराये जाने का वैशाली नगर विधायक द्वारा पत्र प्राप्त हुआ है। जिसे अधोसंरचना मद से स्वीकृति हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने बाबत। स्वीकृति उपरांत निविदा आमंत्रण की अनुमति हेतु महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ रखा गया था, जिसे परिषद के सदस्यों के विचार विमर्श के बाद स्वीकृति प्रदान की। महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, चंद्रशेखर गंवई, मन्नान गफ्फार खान, श्रीमती नेहा साहू, मालती ठाकुर आदि उपस्थित रहे।



## बुजुर्गों के साथ बांटी ईद की खुशियां

**भिलाई, 9 अप्रैल।** मुस्लिम महिलाओं के गैर सरकारी संगठन अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी ने ईद की खुशियां बांटने आस्था वृद्धाश्रम सेक्टर-2 को चुना। यहां अल मदद की सभी सदस्यों ने पहुंच कर बुजुर्गों के साथ वक्त बिताया। सभी का हालचाल पूछा और ईद के मौके पर सभी का शीरखुरमे के साथ मुंह मीठा करवाया। सभी बुजुर्गों ने अल मदद की सदस्यों को खूब आशीर्वाद दिया और ईद की मुबारकबाद भी दी। इस मौके पर अल मदद सोसाइटी की अध्यक्ष अंजुम अली,सचिव कौसर खान,एस.एन.शेख, शमशुन, उज्मा, लीना तज़मीन, कैसर इकबाल और नाहिदा खान की खास तौर पर भागीदारी रही।

## जेएलएन अस्पताल में उन्नत नवजात पुनर्जीवन कार्यक्रम आयोजित

**भिलाई, 9 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय, सेक्टर-9 स्थित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर उन्नत नवजात पुनर्जीवन विशिष्ट चिकित्सा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## नहीं रहीं 101 वर्षीय राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी



**भिलाई, 9 अप्रैल।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्य प्रशासिका 101 वर्षीय राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी नहीं रहीं। उन्होंने अहमदाबाद के जाइडिस अस्पताल में रात्रि 1.20 बजे अंतिम सांस ली। उनके पार्थिव शरीर को शांतिवन लाया जा रहा है जहां मुख्यालय शांतिवन के कॉन्फ्रेंस हाल में अंतिम दर्शनार्थ रखा जाएगा। 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। आप मात्र 13 वर्ष की आयु में ही ब्रह्माकुमारीज से जुड़ीं और पूरा जीवन समाज कल्याण में समर्पित कर दिया। भिलाई सेवाकेंद्रो की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने दादी जी के भिलाई प्रवास के बारे में बताते हुए कहा कि दादीजी भिलाई में विशाल आध्यात्मिक कार्यक्रम में आई थीं, जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र के तात्कालिक एम डी आर पी सिंह, मीडिया विंग के चेयर परसन ब्रह्माकुमार ओम प्रकाश भाई मुख्य अतिथि रहे। राजयोगिनी रतनमोहिनी के देहावसान पर देश विदेश के विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य हस्तियों ने अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। 25 मार्च 1925 को सिंध हैदराबाद के एक साधारण परिवार में दैवी स्वरूपा बेटी ने जन्म लिया। माता-पिता ने नाम रखा लक्ष्मी। बचपन से अध्यात्म के प्रति लगन और परमात्मा को पाने की चाह में मात्र 13 वर्ष की उम्र में लक्ष्मी ने विश्व शांति और नारी सशक्तिकरण की मुहिम में खुद को झोंक दिया। आपके नेतृत्व में युवा प्रभाग द्वारा देशभर में अनेक राष्ट्रीय युवा पदयात्रा, साइकिल यात्रा और अन्य अभियान चलाए गए। बेटियों को ब्रह्माकुमारी बनने के लिए एक ट्रेनिंग सेंटर बनाया गया और तत्कालीन मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि ने आपको ट्रेनिंग प्रोग्राम की हैड नियुक्त किया। दादीजी के नेतृत्व में 2006 में निकाली गई स्वर्णिम भारत युवा पदयात्रा ने ब्रह्माकुमारीज़ के इतिहास में एक नया अध्याय लिख दिया। दादी के ही नेतृत्व में 1985 में भारत एकता युवा पदयात्रा निकाली गई।

**एक नजर**

## बरगाही बांध के पास जुआ खेलने वाले जुआरियो पुलिस ने की कार्रवाई



**राजनांदगांव, 09 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु.अधिकारी डोंगरगांव श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनांदगांव के मार्ग दर्शन में प्रशिक्षु भा.पु.से. ईशु अग्रवाल, थाना लालबाग ,चौकी तुमडीबोड़ प्रभारी ,थाना घुमका , उप निरीक्षक श्री खेदू राम उइके के नेतृत्व में सयुक्त टीम गठित कर ग्राम बरगाही बांध के पास में 52 पत्ती ताश में खेल रहे जुवाडियो पर कार्यवाही कर आरोपी 1. अनिल टंडन पिता भागीरथी टंडन उम्र 38वर्ष निवासी सीता डाबरी थाना छुईखदान जिला केसीजी (छ0ग0), 2. रूपेश वर्मा पिता श्री भीखन वर्मा उम्र 45 वर्ष निवासी जोगीगुफा ओपी लीटिया थाना बोरी, जिला दुर्ग (छ0ग0) 3. इमरान खान पिता दरबारूदीन खान उम्र 28 वर्ष साकिन वार्ड न. 01 थाना खैरागढ़ जिला केसीजी (छ0ग0) 4. कलाराम साहू पिता संतूराम साहू उम्र 43 वर्ष निवासी कुकुरमुंडा थाना छुईखदान जिला केसीजी (छ0ग0) को से कुल 17422/- रूपये 52 पट्टी तास 01 कार कीमती 500000/- रूपये 01नग मोटर सायकल कीमती 30000/- रूपये 04 मोबाइल कीमती 51500/रूपये ,जुमला कीमती 598922/- रूपये को जप्त छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधि. 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही किया गया है।

## नपा परिवार ने सुशासन तिहार मना समाधान पेटी का किया उद्घाटन



**डोंगरगढ़, 09 अप्रैल।** प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री छ.ग. शासन मंत्रालय निर्देश के परिपालन में ÷सुशासन तिहार-2025÷ संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया है। सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरणों में होना है। पहला चरण 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता की मांग, समस्या एवं शिकायत के संबंध में आवेदन पत्र प्रातः 10%00 बजे से संध्या 05ः00 बजे तक ÷समाधान पेटी÷ में प्राप्त किया जाना है। दूसरे चरण में एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे चरण एवं अंतिम चरण 05 मई 2025 से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। 08 अप्रैल 2025 को ÷समाधान पेटी÷ का उद्घाटन रमन डोंगरे, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ उमा महेश वर्मा जी, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ एवं पार्षदगणों में हरीश मोटघरे जी, डी. एकेश राव जी, सुश्री शिवांगी साखरे, भूपेन्द्र कुमार मरकाम, राजेन्द्र कुमार सेन एवं सभी पार्षदगणों एवं गणमान्य नागरिकगणों की गरिमामयी उपस्थिति में समाधान पेटी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर चन्द्रकांत शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी,भवुनलाल कौशिक, नोडल अधिकारी, विनोद वर्मा, सहायक नोडल अधिकारी उपस्थित रहें। नपा अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा की नगर की आम जनता को मांग, समस्या एवं शिकायत के आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर जमा किया जायें। जिसका निराकरण 05 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन कर समस्या का निराकरण कर पाना संभव हो सकेगा।

## सुशासन तिहार को पहले दिन से ही मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

**धमतरी 09 अप्रैल।** सुशासन तिहार को लेकर लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय पर भरोसा जताया है। लोगों का कहना है कि इस सुशासन तिहार से समस्याओं का समाधान होगा, वहीं मांगें भी पूरी होंगी। साथ ही शासन-प्रशासन के समक्ष अपनी बातें रखने का मौका भी मिलेगा। जिले में सुशासन तिहार को पहले दिन से ही अच्छा प्रतिसाद मिलने लगा है। जिले के सभी सरकारी कार्यालयों, ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों, जनपद पंचायतों और नगर निमगों में रखे समाधान पेटी में लोग आकर अपनी मांग, समस्या और शिकायत संबंधी आवेदन डालते नजर आये। जिले में आज पहले ही दिन दो हजार नौ सौ आवेदन समाधान पेटियों में डाले गए। कलेक्टोरेट में लगे समाधान पेटी में लाल बगीचा वार्ड से आये श्री झाडूराम मंडावी ने पैतृक जमीन के विवाद संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया है। श्री मंडावी बताते हैं कि इससे पहले भी वे इस प्रकरण को लेकर लगभग विभिन्न विभागों में आवेदन किए हैं। अ बवे कलेक्टोरेट में लगे समाधान पेटी में आवेदन डाले हैं। उन्होंने प्रदेश के मुखिया श्री साय पर भरोसा जताया और कहा कि मुझे विश्वास है कि मेरी समस्या का समाधान जरूर निकल आयेगा। श्री मंडावी ने कहा कि यह प्रदेश सरकार की सराहनीय पहल है। वहीं समाज कल्याण विभाग द्वारा रखी गयी समाधान पेटी में अपना आवेदन देने आये तेलीनसत्ती के श्री ओमन सिन्हा ने कहा कि वे समाज कल्याण विभाग में कार्यरत हैं और शासन की श्रमिक सम्मान राशि प्रदान करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि श्री विष्णु देव साय सरकार अन्य लोगों के साथ ही दिव्यांगजनों को भी समान अधिकार प्रदाय करने अवसर दे रही है, ताकि वे अपनी समस्याओं को रख सके।

# बंजारा समाज का रहा है समृद्धशाली इतिहास : साय

- मुख्यमंत्री विश्व बंजारा दिवस पर विशाल बंजारा महाकुंभ कार्यक्रम में हुए शामिल



**रायपुर 09 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज विश्व बंजारा दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में अखिल भारतीय बंजारा सेवा संघ छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित विशाल बंजारा महाकुंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बंजारा समाज का इतिहास बहुत समृद्धशाली रहा है। बहुत पहले से यह समाज व्यापार से जुड़ा रहा है। देश की स्वतंत्रता में भी बंजारा समाज का उल्लेखनीय योगदान रहा है। मुख्यमंत्री का बंजारा समाज द्वारा पारम्परिक बंजारा पोशाक पहना कर सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री को बंजारा समाज द्वारा प्रकाशित पुस्तिका भी भेंट की गयी। बंजारा समाज की महिलाओं ने पारम्परिक लड़ी नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी।

मुख्यमंत्री साय ने विशाल बंजारा महाकुंभ कार्यक्रम की शुरुआत बंजारा समाज के आराध्य श्री गुरुनानक देव व सन्त सेवालाल महाराज व के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर के किया। उन्होंने बंजारा समाज को विश्व बंजारा दिवस 08 अप्रैल की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बंजारा समुदाय बरसों से व्यापार करता रहा है। पहले बैल के माध्यम से बंजारा समाज व्यापार के सामान दूर-दूर तक ले जाता था। मुझे बंजारा समाज के आदरणीय लखी शाह जी के योगदान का स्मरण हो रहा है। बताते हैं कि उनके पास दो लाख बैल थे और उनके हर कारवां में सैकड़ों बैल होते थे, वे रावलपिंडी से काबुल-कंधार तक यात्रा करते थे। उस जमाने में दिल्ली के चांदनी चौक में बड़ी जमीन उनके पास थी।धन-दौलत के भंडार होने के बावजूद वे हमेशा विनम्र रहे और परोपकार में अपना धन खर्च किया। उन्होंने 95 साल की उम्र में औरंगजेब की सेना का प्रतिरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा बंजारा समाज से घनिष्ठ संबंध रहा है। मेरे गांव बगिया के आसपास मदनपुर, पत्थलगांव, हथगड़ा आदि अनेक गांव हैं, जहां बंजारा समाज के भाई-बंधु रहते हैं, वे सब मेरे आत्मीय हैं। ग्राम हथगड़ा में तो पूरा बंजारा समाज के लोग ही निवासरत है। जहां पूरा गांव कैटरिंग का काम करते है। आसपास के गांव में कोई भी कार्यक्रम होता है तो इसी गांव के लोगों को ही बुलाते है। छत्तीसगढ़ के बसना में भी बंजारा समाज के लोगों की बड़ी जनसंख्या है। बहुत खुशी की बात है कि आज यह महाकुंभ का आयोजन बंजारा समाज कर रहा है। ऐसे आयोजन से समाज को आपस मिलने-जुलने और एकजुट होने का अवसर मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को तेजी से पूरा किया जा रहा है। सरकार बनने के बाद हमने पहली कैबिनेट बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को स्वीकृति दी।

## भाजपा राज में माताएं-बहनें व मासूम बच्चियां सुरक्षित नहीं:कांग्रेस



- शहर व जिला कांग्रेस ने जयस्तंभ चौक में सीएम का पुतला फूंका, गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 09 अप्रैल।** प्रदेश में आए दिन महिलाओं पर अत्याचार व गैंगरेप की घटनाएं बढ़ती जा रही है दुर्ग जिले के मोहन नगर थाना अंतर्गत मासूम बच्ची के साथ हुई दुराचार व हत्या से पूरा छत्तीसगढ़ स्तब्ध हो गया है।

जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि 06 वर्ष की बालिका के साथ हुई घटना से पूरे छत्तीसगढ़ में रोष है प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से लचर हो चुकी है इसे सुदृढ़ बनाने को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के आव्हान पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार 08 अप्रैल को जयस्तंभ चौक पर जिला स्तरीय पुतला दहन कर प्रदेश के गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग करते हुए मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि 06 वर्षीय मासूम बच्ची पर दुराचार,हत्याकांड होना बड़े ही शर्म की बात है इससे लगता है कि प्रदेश सरकार का भय, नियंत्रण अपराधिक तत्वों पर नहीं है। सरकार अपराधिक तत्वों को संरक्षण देकर बढ़ावा दिया जा रहा है जिसके कारण अपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही है।

## प्रथम चरण में आवेदन जमा करने वार्डो के शिविर में लोग उत्साह से पहुंचे

- पहले दिन मांग एवं शिकायत संबंधी 729 आवेदन प्राप्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 09 अप्रैल।** जनमानस की समस्याओं का समाधान करने, शासन की योजनाओ का लाभ देने तथा जनता से सीधे संवाद करने छत्तीसगढ़ शासन की पहल सुशासन तिहार 2025 का अच्छा प्रतिशात मिल रहा है और प्रथम चरण में समस्या संबंधी आवेदन देने के लिये वार्डो में आयोजित शिविर में वार्डवासी उत्साह से पहुँचे तथा अपनी समस्या व मांग के संबंध में आवेदन जमा किये। आज पहले दिन 51 वार्ड में आयोजित शिविर में 729 आवेदन प्राप्त हुये। शिविर में निगम के कर्मचारी निर्धारित समय तक उपस्थित रहकर जनमानस का आवेदन लेकर उन्हें विधिवत पावती दिये। महापौर श्री मधुसूदन यादव विभिन्न वार्डो मे पहुँचकर वार्डवासियों से रूबरू हो उनसे समस्या के संबंध मे चर्चा कर आवेदन जमा करने कहा।

सुशासन तिहार 2025 के तहत प्रथम चरण में दिनांक 8 से 11 अप्रैल 2025 तक आवेदन जमा करने शिविर के तहत नगर निगम द्वारा पूरे 51 वार्डो में शिविर लगाया गया, जहाँ कर्मचारी उपस्थित रह वार्डवासियों को आवेदन के संबंध में जानकारी दिये और आवेदन जमा कर उन्हें पावती भी दी गयी। आज पहले दिन के शिविर में मांग व शिकायत के संबंध में 729 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदको ने मूलभूत सुविधा बिजली पानी सफाई के अलावा प्रधानमंत्री आवास, निर्माण कार्य, अतिक्रमण आदि के संबंध में आवेदन जमा किये। जिनका शिविर के बाद समाधान किया जायेगा।

## नगर में सकल जैन श्रीसंघ ने जैन मंदिर से अहिंसा पदयात्रा निकाली



**राजनांदगांव, 09 अप्रैल।** नगर में सकल जैन श्री संघ द्वारा छह से 10 अप्रैल तक महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जा रहा है। महोत्सव के तीसरे दिन आज सुबह छह बजे गंज लाइन स्थित दिगंबर जैन मंदिर परिसर से अहिंसा पदयात्रा निकली जो नगर भ्रमण करती हुई सदर बाजार से होकर जैन बगीचा पहुंचकर संपन्न हुई। महोत्सव के तहत कल 7 अप्रैल को महावीर सनसिटी में भी वीर संदेश यात्रा निकाली गई थी जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। आज आठ अप्रैल को भी दिन भर कार्यक्रम होते रहे और रात को जैन गॉट टैलेंट का आयोजन हुआ। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत प्रतिदिन विविध कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। आयोजन समिति के संरक्षक मनोज बैद, संयोजक अजय सिंगी , सहसंयोजक ललित भंसाली, उपाध्यक्ष विजय काँकरिया, सचिव ललित चौरडिया, कोषाध्यक्ष राजेंद्र बाफना, मंत्री राहुल जैन के साथ ही रितेश लोढा ने बताया कि महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तीसरे दिन दिगंबर जैन मंदिर से महावीर के संदेशों का प्रचार प्रसार करती निकली अहिंसा पदयात्रा में लगभग 700 श्रावक श्राविकाएं भगवान महावीर के सिद्धांतों का पालन करते हुए नंगे पैर निकले।

## कलेक्टर ने गंभीरतापूर्वक जनसामान्य की सुनी शिकायतें एवं समस्याएं

- जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 09 अप्रैल।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, नक्शा बटांकन, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने, आधार कार्ड में अपडेशन, सड़क दुर्घटना से मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने, अतिक्रमण हटाने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



**लगभग 10 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित माँ कर्मा भवन का किया लोकार्पण**

# विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ग्राम सुरगी में मां कर्मा जयंती एवं लोकार्पण समारोह में हुए शामिल

- शेड निर्माण के लिए 7 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की
- सांसद ने साहू समाज के लिए 5 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की



**राजनांदगांव 09 अप्रैल।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुरगी में आयोजित मां कर्मा जयंती एवं लोकार्पण समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लगभग 10 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित माँ कर्मा भवन का लोकार्पण किया। विधानसभा अध्यक्ष ने डॉ. रमन सिंह ने शेड निर्माण के लिए 7 लाख रूपए घोषणा की। इस दौरान सांसद श्री संतोष पाण्डेय, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्री सचिन बघेल, श्री कोमल सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मां कर्मा जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि देश में भव्य रूप से रामनवमी का त्यौहार मनाया गया है। रामनवमी का त्यौहार इस बार ऐतिहासिक रहा है। 500 साल बाद भगवान श्री राम जी अयोध्या में अपने आसन में विराजमान हुए। उन्होंने बताया कि मां कर्मा के भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्री कृष्ण स्वयं उनके पास पहुंचकर खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। मां कर्मा का आशीर्वाद साहू समाज के लिए संबल और ताकत देता है। उन्होंने कहा कि ग्राम सुरगी के आस-पास क्षेत्र में विकास और निर्माण करने के लिए चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सरकार बनते ही 14 माह के भीतर किसानों से 31 रूपए में धान खरीदी, किसानों को दो वर्ष का बोनस, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी, 70 लाख महिलाओं को एक हजार रूपए प्रति माह महतारी वंदन योजना का लाभ और प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए नया सर्वे के अंतर्गत मापदण्ड के भीतर 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए सर्वे का काम शुरू किया गया है। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि भक्त माता कर्मा के बताए हुए रास्ता में समाज चल रहा है। मां कर्मा का भगवान कृष्ण के प्रति अनुराग से भगवान श्री कृष्ण खिचड़ी खाने आए। उन्होंने कहा कि साहू समाज बहुत ही सरल, सहज, धार्मिक, आध्यात्मिक समाज है।

**समाचार संक्षेप**

## पक्षियों को बचाने सकोरे व दाना का किया वितरण







■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 09 अप्रैल।** राम नवनी के पवन अवसर पर नेकी कर संस्था द्वारा भीषण गर्मी से बेजुबान पक्षियों को बचाने के लिए इस वर्ष भी हज़ारो सकोरे व दाना का निशुक्ल वितरण किया गया। यह आयोजन संस्था द्वारा राम मंदिर प्रांगण में किया गया , इस आयोजन में संस्था के कार्यकर्ता द्वारा शहर वासियो के बीच पक्षी प्रेम हेतु जागरूकता व भीषण गर्मी में सकोरे के महत्व को बताया गया और पशु के प्रति प्रेम भाव के लिए प्रेरित किया गया।

नेकी कर संस्था द्वारा 1200 सकोरे व 2400 पैकेट दाना का वितरण किया गया ! नेकी कर संस्था द्वारा पशु के प्रयास को शांत करने के लिए कोटने का वितरण भी किया जा रहा है यही आप भी पशु प्रेमी है तो संस्था से सकोरा या कोटना प्राप्त कर सकते है।

## आयुक्त ने ली जल विभाग के वाल्वमैनों की बैठक

- टंकी पूरा भरने पश्चात एवं निर्धारित चूड़ी तक वाल्व खोलने के दिये निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 09 अप्रैल।** निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने आज वाल्वमेन की बैठक लेकर वाल्व खोलने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पेयजल सप्लाई में वाल्वमेनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और ग्रीष्म ऋतु में पानी ज्यादा खपत होने पर सुचारू पेयजल सप्लाई जरूरी होता है, जिसे ध्यान में रखकर सभी को कार्य करना है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सभी वाल्वमेन टंकी पूरा भरने के पश्चात ही वाल्व चालू करेगे, किसी के कहने पर वाल्व से किसी भी प्रकार का छेड़-छाड़ नही करेगे। उन्होंने कहा कि वाल्व खोलने के पश्चात पाईप लाईन लिकेज, कम पानी आने, पानी नही आने आदि का अपने अपने क्षेत्र में जॉच करेंगे और संबंधित अधिकारी को अवगत करायेगे। उन्होंने कहा कि कई वाल्वमेन की शिकायत प्राप्त होती है कि उनके द्वारा कम चुडी खोला जाता है, या बिना टंकी भरे पानी सप्लाई की जाती है। इस प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिये, वाल्व में निर्धारित चुडी से अधिक न खोले और न ही कम चुडी खोले।



## नपं अध्यक्ष अंजू ने वार्ड क्रमांक-9 में पानी आपूर्ति,सफाई का जायजा लिया



- गर्मी के मौसम को देखते हुए वार्डों में नियमित पानी की आपूर्ति करने को कहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव, 09 अप्रैल।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 में गर्मी के मौसम में नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंजू त्रिपाठी ने मौके पर पहुंचकर पानी की आपूर्ति और नाली सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। श्रीमती त्रिपाठी ने गर्मी के दिनों में पानी की बढ़ती मांग को देखते हुए नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने पर ज़ोर दिया। साथ ही, नालियों की सफाई में लापरवाही न हो, इस पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि समय पर सफाई और जल प्रबंधन से नागरिकों को राहत मिलेगी और बीमारियों की संभावनाएं भी कम होंगी। निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों ने अध्यक्ष से अपनी समस्याएं साझा कीं, जिनमें जलभराव, टूटी नालियां और गंदगी की शिकायतें प्रमुख थीं। अध्यक्ष ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए और भरोसा दिलाया कि नगर पंचायत नागरिकों की सेवा में पूरी तत्परता से जुटी है।

## जमीन की धोखाधड़ी करने वाले को गिरफ्तार भेजा गया जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 09 अप्रैल।** प्रार्थियां श्रीमती देवकी बाई पति स्व. श्री योगेश साहू, आयु 37 वर्ष, निवासी भिलाई, कुरूद, जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा आरोपी प्रणय गुप्ता आ. श्री राजाराम गुप्ता आयु 38 वर्ष, निवासी अटल विहार, पेण्ड्री, थाना-लालबाग, द्वारा कृषि भूमि स्थित ग्राम गिधवा, प.ह.नं. 01. तहसील देवरी बंगला, जिला बालोद (छ.ग.) का खसरा नम्बर 97. रकबा 0.41 हेक्टेयर के जमीन का प्रार्थियां के साथ एक इकरारनामा उक्त भूमि का हुण्डा पक्का सौदा राशि- 8,00,000- रूपये में करते हुए निष्पादित किया गया था. बयाना राशि 6,00,000/- रूपये चेक के माध्यम से व नगद प्राप्त कर उस भूमि का सौदा अन्य व्यक्ति त्रिवेणी यादव पति जीत लाल यादव, निवासी बसतपुर राजनांदगाँव के साथ किया जाकर धोखाधड़ी करने के संबंध में प्रार्थियां द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत करने पर शिकायत की जांच बाद थाना कोतवाली में अनावेदक प्रणय गुप्ता के विरूद्ध अप0क्र0 118/25 धारा 318 (4) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## संपादकीय

# संसद में हारे तो कोर्ट की शरण में गए

कांग्रेस सहित विपक्ष के दलों के लिए मुसलमान वोट हमेशा अहम रहा है ।इसलिए वह वही करते रहे हैं जो उसके कुछ नेता व संगठन चाहते रहे हैं ।मुसलमान हमेशा कांग्रेस के लिए सत्ता में वापसी की गारंटी रहे हैं । कांग्रेस ने ही देश में यह धारणा बना रखी थी, मुसलमानों के वोट के बगैर चुनाव जीतना मुश्किल है, कांग्रेस के साथ रहने वाले दलों में यही धारणा बनी हुई है कि राज्य का चुनाव वह मुसलमानों के वोट के बगैर नहीं जीत सकते ।यही वजह है कि कांग्रेस जब तक सत्ता में रही उसने मुसलमान संगठन व कुछ नेता जो चाहते थे, वह सब किया। वक्फ कानून को बदल कर ऐसी ताकत दे दी कि वक्फ जिस जमीन को अपनी कह दे वह जमीन वक्फ की हो जाएगी । यानी कांग्रेस ने वक्फ को कानूनी तौर पर किसी भी जमीन पर कब्जा करने की ताकत दे दी ।एक बार जमीन पर वक्फ ने दावा कर दिया तो उसकी सुनवाई भी वक्फ के ट्रिब्यूनल में होगी, वहां ट्रिब्यूनल ने जो फैसला दे दिया वह अंतिम फैसला हो गया फिर कहीं उसकी सुनवाई नहीं होगी ।कांग्रेस की दी गई कानूनी ताकत के कारण वक्फ ने पिछले पिछले एक दो दशक में अपनी संपत्ति में रिकार्ड इजाफा किया है । इस संपत्ति का उपयोग मुसलमानों के प्रभावशाली लोग करते हैं और बताते हैं कि यह मुसलमानों की संपत्ति है, इसका उपयोग गरीब मुसलमानों के लिए किया जाता है । ऐसा इसलिए किया गया कि कब्जा हुई जमीन एक दिन रामजन्मभूमि की तरह कोर्ट से वापस करनी पड़ेगी तब प्रभावशाली मुसलमान खुद तो कब्जा हुई संपत्ति की रक्षा नहीं कर सकते, इसलिए उन्होंने वक्फ व कब्जा हुई जमीन को मुसलमानों की जमीन बता रहे हैं ताकि गरीब से गरीब से मुसलमान उसके लिए खड़ा हो। जब तक कांग्रेस की सरकार रही मुसलमान संगठनों व कुछ नेताओं ने खूब संपत्ति बनाई, वक्फ की संपत्ति को खूब उपयोग किया। अब दस साल से भाजपा की सरकार है तो मुसलमान संगठनों व नेताओं को उससे ही डर था कि यह हमारी पोल खोल सकती है, ऐसा कुछ कर सकती है कि कब्जे की संपत्ति उनके पास न रहे ।दस साल भाजपा को दूसरे काम करने थे इसलिए उसने वक्फ के मामले में दस साल बाद हाथ डाला। भाजपा के पास बहुमत न होने के कारण किसी को उम्मीद नहीं थी कि भाजपा वक्फ के मामले में कानून बनाने की हिम्मत करेगी। राहुल गांधी ने कहा था कि मोदी की सरकार कमजोर सरकार है, वह बड़े फैसले अब नही कर सकती ।उसे तो हम कभी भी गिरा देंगे। इससे मुसलमान संगठन व मुसलमान नेता आश्वस्त थे कि जब राहुल गांधी कह रहे है तो ऐसा ही होगा। हरियाणा,महाराष्ट्र के बाद दिल्ली में चुनाव जीतने से भाजपा के हौसले बुलंद हो गए उसे पता चला कि देश व राज्यों की जनता उसके साथ है ।इसका प्रभाव चंद्रबाबू नायडू व नीतीश कुमार पर भी पड़ा और वह समझ गए कि मोदी की सरकार कमजोर सरकार नहीं है। हमें इसके साथ ही रहने में फायदा है। पीएम मोदी ने इन दोनों को भरोसे में लेकर ही वक्फ संशोधन बिल लाने का फैसला किया ।जैसे ही मोदी सरकार ने फैसला किया कांग्रेस सहित मुसलमान संगठनों व नेताओं ने चंद्रबाबू नायडू व नीतीश को डराना शुरू कर दिया था वक्फ संशोधन बिल मे मोदी का साथ दिया तो अगले चुनाव में मुसलमानों का वोट नहीं मिलेगा। इस देश में पीएम मोदी ही ऐसे नेता हुए हैं जिन्होंने चुनाव जीतने के लिए मुसलमानों के वोट को जरूरी नहीं माना ।उन्होंने एक नहीं तीन बार लोकसभा का चुनाव बहुसंख्यक वोट के आधार पर जीता और देश को बता दिया कि देश में चुनाव मुसलमानों का वोट नहीं मिलने पर भी जीता जा सकता है। भाजपा व पीएम मोदी निरंतर जीत से चंद्रबाबू नायडू व नीतीश कुमार को बात समझ आ गई कि चुनाव जीतने के लिए मुसलमानों का वोट जरूरी नहीं है ।वह पहली बार मुसलमान संगठन व नेताओं के डराने पर भी नहीं डरे और वक्फ संशोधन बिल पर मजबूती से मोदी के साथ खड़े रहे ।इसी वजह से मोदी सरकार ने लोकसभा व राज्य सभा में बिल को आसानी से पास करवा लिया। कोई यह न कहे कि यह बिल जल्दबाजी में पास करा लिया गया है इसलिए विपक्ष ने जितनी देर चर्चा करना चाहा, उतनी देर चर्चा की गई ।वक्फ संशोधन बिल संसद से पास होने के बात राष्ट्रपति के हस्ताक्षर कर देने से अब देश का कानून बन गया है । इससे कांग्रेस व विपक्ष के नेता मुसलमान संगठनों व नेताओं को मुंह दिखाने के काबिल नहीं रहे। गांधी परिवार से किसी ने भी संसद में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ एक शब्द नहीं कहा ।यह बात मुसलमानों को बुरी जरूर लगी होगी। यही वजह है डैमेज कंट्रोल के लिए कांग्रेस ने वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है । यह संसद में अपनी असफलता को छिपाने का प्रयास है और मुसलमान संगठन व नेताओं को बताने का प्रयास है कि हम संसद में बिल को नहीं रोक सके तो क्या हुआ, हम इसे सुप्रीम कोर्ट में रोकने का प्रयास कर सकते हैं ।अभी सब कुछ खत्म नहीं हुआ है, अभी उम्मीद है, हम कोशिश करेंगे की सुप्रीम कोर्ट इसे असंवैधानिक बता दे। हो सकता है कि सुप्रीम कोर्ट हमारे पक्ष में फैसला दे दे। यह देखा जाए को पीएम मोदी का बहुत बड़ा फैसला है, पीएम मोदी ने कहा भी था कि उनका यह कार्यकाल बड़े फैसले वाला होगा और उन्होंने वक्फ के मामले में बड़ा फैसला कर दिया है ।इस मामले में मोदी ने कांग्रेस के नरेटिव को निष्प्रभावी कर दिया है। वक्फ संशोधन बिल पर कांग्रेस का कहना है कि यह मुसलमानों की संपत्ति छीनने के लिए लाया गया है। वही भाजपा व मोदी का नरेटिव है कि यह बिल उसने गरीब व पिछड़े मुसलामानों के हित में लाया है, वक्फ की सारी जमीन गरीब व पिछड़े मुसलमानों की है, इसका उपयोग इनके हित में किया जाना चाहिए। इसका प्रबधन इस तरह किया जाना चाहिए कि वक्फ की संपत्ति से ज्यादा आय हो और उससे गरीब व पिछडे. मुसलमानों की मदद की जाए। ऐसा अब तक किया नहीं गया है, इसलिए गरीब व पिछडे. मुसलमानों को लगता है कि उनके समाज के लोगों ने तो उनकी बेहतरी के लिए कुछ नहीं किया है, भाजपा कह रही है और कर रही है तो भाजपा पर भरोसा करके देखना चाहिए।भाजपा वक्फ संशोधन बिल के जरिए गरीब व पिछडे. मुसलमानों में अपना प्रभाव बढ़ाया है, इससे भाजपा को राजनीतिक फायदा होगा तो यह भी तय है कि इससे कांग्रेस व विपक्ष का राजनीतिक नुकसान होगा। भाजपा पहले ही उनके पंरपरागत वोट बैंक में सेंध लगाकर मजबूत हो गई है, अगर भाजपा ने मुसलमान वोट बैंक में सेंध लगा दी भाजपा को चुनाव में हराना कांग्रेस व विपक्ष के लिए और मुश्किल हो जाएगा।

---

**बदलता मौसम**

# बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव से जीवन संकट में

**ललित गर्ग**



भारत में इस समय गर्मी एवं हीट वेव का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, खासकर उत्तर भारत के अनेक राज्यों विशेषतः गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा में अप्रैल के प्रारंभ में ही बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव लोगों को अपनी चपेट में लेने लगी, कई शहरों में पारा 44-45 डिग्री तक चढ़ गया है। राजस्थान के बाडमेर में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जो चिन्ताजनक होने के साथ अनेक समस्याओं एवं परेशानियों का सबब है। लगातार बढ़ती गर्मी के आंकड़े एक बार फिर जलवायु परिवर्तन के परिणामों और इसकी वजह से खड़े हुए संकट को ही दर्शा रहे हैं। अधिक तापमान पानी की गंभीर कमी का कारण बन सकता है, कृषि को प्रभावित कर सकता है और विशेष रूप से घनी आबादी वाले क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जोखिम का कारण बन सकता है। भीषण गर्मी एवं लू का प्रकोप लोगों की सेहत, कार्य-क्षमता और उत्पादकता पर गंभीर खतरा है। विश्व बैंक के एक अध्ययन के मुताबिक, देश का करीब 75 फीसदी कार्यबल कृषि और निर्माण क्षेत्र में गर्मी का सीधे सामना करने वाले श्रम पर निर्भर करता है। इसके मुताबिक साल 2030 तक गर्मी के प्रकोप से जुड़ी उत्पादकता में गिरावट की वजह से दुनिया भर में कुल होने वाली नौकरियों के नुकसान में अकेले भारत का योगदान करीब 43 फीसदी तक हो सकता है।

इस बार बढ़ती गर्मी के पूराने सारे रेकॉर्ड तोड़ देने की चेतावनी दी जा रही हैं जो हमारे लिए चौंकाने से ज्यादा गंभीर चिंता की बात है। गुजरात एवं राजस्थन के अनेक स्थानों पर अभी से गर्मी इतनी तेज है कि कुछ ही दिनों में धरती तवे की तरह तपने लगेगी। पानी की कमी, बिजली कटौती और गर्म लू के कारण बीमारी के हालात गंभीर हो सकते हैं। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल होगा। सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम, हमारी सुविधावादी जीवनशैली और हमारा विकास का नजरिया भी जिम्मेदार है। आज शहरीकरण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई एवं गांवों में हो या शहरों में आंख मींचकर कंक्रिट के जंगल खड़े करने की होड़ के दुष्परिणाम से ही गर्मी कहर बरपाती है और प्रकृति एवं पर्यावरण की विकरालता के रूप में सामने आती हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्त्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। अब विकास एवं सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की और ध्यान देना होगा, अन्यथा आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन एवं विकास की भ्रामक सोच तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं।



विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग की दस्तक देने के बावजूद विकसित व संपन्न देश पर्यावरण संतुलन के प्रयास करने तथा आर्थिक सहयोग देने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम की मार से कोई विकसित व संपन्न देश बचा हो, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के क्रूर दोहन से औद्योगिक लक्ष्य पूरे करने वाले ये देश अब विकासशील देशों को नसीहत दे रहे हैं। निश्चित रूप से बढ़ता तापमान उन लोगों के लिये बेहद कष्टकारी है, जो पहले ही जीवनशैली से जुड़े रोगों एवं समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता असाध्य रोगों की वजह से चूक रही है। ऐसा ही संकट वृद्धों के लिये भी है, जो बेहतर चिकित्सा सुविधाओं व सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवनयापन कर रहे हैं। वैसे एक तथ्य यह भी है कि मौसम के चरम पर आने, यानी अब चाहे बाढ़ हो, शीत लहर हो या फिर लू हो, मरने वालों में अधिकांश गरीब व कामगार तबके के लोग ही होते हैं। जिनका जीवन गर्मी में बाहर निकले बिना या काम किये बिना चल नहीं सकता। निष्कर्षतः कह सकते हैं कि उन्हें मौसम और गरीबी दोनों मारती है। प्रतिवर्ष धरती का तापमान बढ़ रहा है। आबादी बढ़ रही है, जमीन छोटी पड़ रही है। हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। जलवायु परिवर्तन की वजह से हो रहा तापमान में लगातार असंतुलन सामान्य घटना नहीं है, जिसका दायरा अब वैश्विक हो गया है। भले ही कोई इस विनाशकारी स्थिति को तात्कालिक घटना कहकर खारिज कर दे लेकिन जमीनी सच्चाई यह है की बड़े पैमाने पर ग्लेशियर्स का पिघलना और हीट वेव बहुत बड़े वैश्विक खतरें की आहट है, जिसको अनदेखा नहीं किया जा सकता है। कथित विकास की बेहोशी से दुनियां को जागना पड़ेगा। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से ह्यतीसरा ध्रुवह्ल कहे जानें वाले हिमालय के ग्लेशियर 10 गुना तेजी से पिघल रहे हैं। ब्रिटेन की लीड्स यूनिवर्सिटी के शोधकताओं के अनुसार, आज हिमालय से बर्फ के पिघलने की गति ह्यलिटल आइस एजह्ल के वक्त से औसतन 10 गुना ज्यादा है। लिटल आइस एज का काल 16वीं से 19वीं सदी के बीच का था। इस दौरान बड़े पहाड़ी ग्लेशियर का विस्तार हुआ था। वैज्ञानिकों की मानें, तो हिमालय के ग्लेशियर दूसरे ग्लेशियर के मुकाबले ज्यादा तेजी से पिघल रहे हैं। विशेषज्ञों के एक अनुमान के अनुसार अंटार्कटिका के ग्लेशियर के पूरी तरह से पिघलने पर पृथ्वी की ग्रेविटेशनल पावर शिफ्ट हो जाएगी। इससे पूरी दुनिया में भारी उथल पुथल देखने को मिलेगी। पृथ्वी के सभी महाद्वीप आंशिक रूप से पानी के भीतर समा जाएंगे। भारी मात्रा में जैव-विविधता को हानि पहुंचेगी। पृथ्वी पर रहने वाली हजारों प्रजातियां भी खत्म हो जाएंगी। पृथ्वी पर एक विनाशकारी एवं विकराल स्थिति का उद्भव होगा। इसके साथ ही दुनियां भर में करोड़ों की संख्या में लोगों को एक जगह से दूसरी जगह पर माइग्रेट करना पड़ेगा। दुनियाभर में कूलिंग सिस्टम्स यानी एयरकंडीशन की मांग कई गुना बढ़ी है। सुविधावादी जीवनशैली एवं तथाकथित आधुनिकता ने पर्यावरण के असंतुलन को बेतहाशा बढ़ाया है। तापमान में भी साल-दर-साल बढ़ोतरी अनेक संकटों की दस्तक है। जहां तापमान ने नए रिकॉर्ड्स बनाने शुरू कर दिए हैं वहीं, भारी बारिश के कारण बाढ़ के हालात बन रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम को लेकर अनिश्चितता बढ़ती जा रही है। सरकारों को नीतिगत फैसला लेकर बदलते मौसम की चुनौतियों को गंभीरता से लेना होगा। समय रहते बचाव के लिये नीतिगत फैसले नहीं लिए गए तो एक बड़ी आबादी के जीवन पर संकट मंडराएगा। यह संकट तीखी गर्मी से होने वाली बीमारियों व लू से होने वाली मौतें ही नहीं होंगी, बल्कि हमारी कृषि एवं खाद्य सुरक्षा श्रृंखला भी प्रभावित होगी। हालिया अध्ययन बता रहे हैं कि मौसमी तीव्रता से फसलों की उत्पादकता में भी कमी आई है। दरअसल, मौसम की यह तल्खी केवल भारत ही नहीं ,वैश्विक स्तर पर नजर आ रही है। सरकारों को मानना होगा कि वैसे तो प्रकृति किसी तरह का भेदभाव नहीं करती मगर सामाजिक असमानता के चलते वंचित समाज इसकी बड़ी कीमत चुकाता है। सरकार रेड अलर्ट व ऑरेंज अलर्ट की सूचना देकर अपने दायित्वों से पल्ला नहीं झाड़ सकती। बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्कूल-कालेजों के संचालन, दोपहर की तीखी गर्मी के बीच कामगारों व बाजार के समय के निर्धारण को लेकर देश में एकरूपता का फैसला लेने की जरूरत है। कुछ जगहों पर धारा 144 लागू करना इस संकट का समाधान कदापि नहीं है। कभी संवेदनशील भारतीय समाज के संपन्न लोग सार्वजनिक स्थलों में प्याऊ की व्यवस्था करते थे। लेकिन आज संकट यह है कि पानी व शीतल पेय के कारोबारी मुनाफे के लिये सार्वजनिक पेयजल आपूर्ति को बाधित करने की फिराक में रहते हैं। सरकारें भी जल के नाम पर राजनीति करती है। हमारे राजनीतिज्ञ, जिन्हें सिर्फ वोट की प्यास है और वे अपनी इस स्वार्थ की प्यास को पानी से बुझाना चाहते हैं। विभिन्न प्रांतों के बीच का यह विवाद आज हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है, जनजीवन से खिलवाड़ कर रहा है। इस तरह की तुच्छ एवं स्वार्थ की राजनीति करने वाले नेता क्या गर्मी एवं जल-समस्याओं का समाधान दे पायेंगे?

---

## राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। परिवार के सदस्यों के साथ आपको कुछ समय बिताने का मौका मिलेगा। शासनसत्ता का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपकी कोई पुरानी गलती परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती हैं। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी, आपको किसी डील को पार्टनरशिप में फाइनल करने से बचना होगा और कोई सरकारी काम यदि आपका लटका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। किसी कानूनी मामले में आपको अपनी आंख और कान खोलकर रखने होंगे। बिजनेस में आपको पार्टनर से आपको धोखा मिलने की संभावना है। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। आपको अपने घर परिवार में सुख शांति बनाए रखनी होगी। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने से आप दूसरों के मामले में ज्यादा ना बोले।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए उन्नति के नए-नए अवसर मिलेंगे। मित्रों और सहकर्मियों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप किसी से मांगकर वाहन ना चलाएं। राजनीति में कार्यरत लोग लोगों के जन समर्थन में इजाफा होगा और उनकी वाणी की मिठास आपको मान-सम्मान दिलवाएगी। आप अपने पिताजी की सेहत में चल रही किसी समस्या को लेकर परेशान रहेंगे, जिसके लिए आप अच्छे डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं।

कर्क- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद आ सकती है। नौकरी में किसी काम को लेकर आप कहीं बाहर जा सकते हैं। जीवनसाथी की आपसे यदि किसी बात को लेकर कहासुनी हो, तो आपको उन्हे मानने की पूरी कोशिश करनी होगी। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी, लेकिन आपको समझदारी दिखाते हुए कामों को निपटाने की कोशिश करनी होगी।

सिंह- आज का दिन आपके लिए अपने दिनचर्या को बेहतर बनाए रखने के लिए रहेगा। किसी पुराने मित्र से आपको लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आप अपने खानपान में पौष्टिक भोजन ले, नहीं तो आपकी शारीरिक समस्याएं उभर सकती हैं। आपका कोई काम यदि लंबे समय से लटका हुआ था, तो उसके भी पूरा होने की संभावना है। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आप किसी के साथ बिजनेस की शुरूआत करने के लिए प्लानिंग कर सकते हैं।

कन्या- आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। परिवार में किसी नए सदस्य का आगमन हो सकता है। आप अपने घर की साफ-सफाई और रखरखाव पर पूरा ध्यान देंगे। आपकी ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से कहासुनी होने की संभावना है। बिजनेस में कुछ उतार-चढ़ाव रहने से आपका मन परेशान रहेगा। आपको किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिल सकता है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ने से आप खर्चे भी अधिक करेंगे।

तुला- आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। दांपत्य जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी। प्रेम संबंधों में यदि कटुता आ गयी थी, तो वह भी दूर होगी। आपकी संतान को यदि आप कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उसमें ढील दे सकती है। आपको किसी पूजा-पाठ में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा, जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आपको कार्यक्षेत्र में अपने कामों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है, नहीं तो कोई गड़बड़ी हो सकती है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के लिए रहेगा। आपका कोई धन को लेकर काम रुका हुआ था, तो वह भी पूरा होगा। आपकी पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है। आपको अपनी जरूरत के हिसाब से खर्च करना बेहतर रहेगा। आप किसी के बहकावे में आकर कोई गलत निवेश कर सकते हैं। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपको वाहनों के प्रयोग से सावधानी बरतनी होगी। आपको किसी अजनबी पर अधिक भरोसा करना नुकसान देगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने से आप अपने कामों को आसानी से पूरा करने की कोशिश करेंगे। घूमने-फिरने जाने की आप योजना बना सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव पर मोहर लगने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अपनी संतान की शिक्षा में आ रही समस्याओं को लेकर उनके गुरुजनों से बातचीत करनी होगी। आपके किसी सहयोगी से आप कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें।

मकर- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको नौकरी में प्रमोशन आदि मिलने से खुशी होगी। आपके बिजनेस की कोई योजना भी सफल हो सकती है। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। यदि आपको कोई शारीरिक समस्या लंबे समय से चली आ रही थी, तो वह बढ़ सकती है, जिसके लिए आपको किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श लेना होगा।

कुंभ- आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी मिलेगी। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे, लेकिन आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए भी आगे आएंगे। आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी। आपको जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा। आप किसी से धन का लेनदेन बहुत ही सोच समझकर न करें, नहीं तो इससे आपके आपसी रिश्ते खराब हो सकते हैं।

मीन- आज का दिन आपके लिए कुछ कमजोर रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव आपके ऊपर अधिक रहेगा। आपके बॉस भी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकते हैं। पारिवारिक रिश्तों में आपको किसी मामले को धैर्य से निपटाने की आवश्यकता है। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें। आपकी मनमानी की आदत के कारण आपकी माताजी आपसे नाराज हो सकती हैं। आप अपनी संतान को किसी कोर्स के लिए कही दाखिला दिला सकते हैं।

---

## गर्मी के दौरान एक्सरसाइज करते समय न करें ये गलतियां, रहेंगे फिट

गर्मियों में एक्सरसाइज करते समय कई लोग कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जो उनके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती हैं। हालांकि, अगर आप इन गलतियों को समझ जाते हैं तो आप इन्हें करने से बच सकते हैं और अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। आइए आज हम आपको ऐसी ही पांच गलतियों के बारे में बताते हैं, जिनसे आपको गर्मियों के दौरान एक्सरसाइज करते समय बचना चाहिए।

**पानी पीने में लापरवाही**-गर्मियों में पसीना अधिक आता है, जिसके कारण शरीर से नमक और पानी की अधिक मात्रा में कमी होती है।इस कारण शरीर में पानी की कमी हो सकती है, जो कि एक गंभीर समस्या है। इससे बचने के लिए पानी का पूरा ध्यान रखें।इसके लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं और साथ ही नारियल पानी या ताजे फलों के रस का सेवन भी करें। इससे शरीर को जरूरी तत्व भी मिलेंगे।

**आराम को नजरअंदाज करना**-अगर आप गर्मियों के दौरान एक्सरसाइज करते समय समय पर आराम नहीं करते हैं तो इससे आपकी सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।आराम न करने से शरीर में सूजन और दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जिससे आपकी फिटनेस पर बुरा असर पड़ता है। इसलिए आराम करना न भूलें। जब आपको थकान महसूस हो तो एक्सरसाइज भी न करें क्योंकि इससे शरीर को ठीक करने का समय नहीं मिल पाता है।

**जरूरत से ज्यादा पानी पीना**-गर्मियों के दौरान एक्सरसाइज करते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप जरूरत से ज्यादा पानी पीने लगें। अधिक पानी पीने से शरीर में तत्वों का संतुलन बिगड़ सकता है। इसके कारण आपको शरीर में कमजोरी, चक्कर आना, मतली और उल्टी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इससे शरीर में पानी की कमी भी हो सकती है।

**सही आहार न लेना**-अगर आप एक्सरसाइज करने के बाद भी आहार पर ध्यान नहीं देते हैं तो इससे आपकी फिटनेस पर बुरा असर पड़ सकता है।एक्सरसाइज के बाद प्रोटीन युक्त आहार का सेवन करना चाहिए क्योंकि यह मांसपेशियों को ठीक करने और उन्हें मजबूत बनाने में मदद कर सकता है।इसके अतिरिक्त शरीर को ठंडक देने के लिए नारियल पानी, ताजे फलों का रस या छाछ का सेवन करें।

**अधिक समय तक एक्सरसाइज करना**-कुछ लोग मानते हैं कि अधिक समय तक एक्सरसाइज करने से फिटनेस बेहतर होती है.


---

**विदेश**

# ट्रम्प का टैरिफ ईर्ष्या से आया ख्याल, अब दुनिया है बेहाल..!

**-ऋतुपर्ण दवे**

ट्रम्प के मन में टैरिफ को लेकर आया विचार एकाएक नहीं है। उनके व्यवसाय को जापानियों से



मिली चुनौतियों के चलते 1990 के दशक में की घटना है जिससे क्रुध्द ट्रम्प आज पलटवार कर रहे हैं। यह अर्से से उनके मन में पाला हुआ मंसूबा है। वास्तव में ट्रम्प के मन में जापानियों की प्रतिभा को लेकर पनपा ईष्यार्भाव ही आज उनके टैरिफ की असल वजह है। वो मानते हैं कि जब मुक्त व्यापार अस्तित्व में नहीं था तब जापान, अमेरिका के बाजार में जबरदस्त पैठ बना रहा था। लेकिन अपने यहां व्यापार करना असंभव सा कर दिया था। बस यही टीस बिजनेसमैन ट्रम्प को घर कर गई और उनके मन में एक गांठ बन गई। हालांकि उसी दौर में उन्हें नगदी की जबरदस्त जरूरत हुई और मजबूरन जापान की ओर आस भरी निगाहों से देखने लगे। लेकिन ट्रम्प 1980 के दशक से ही इस बात से बखूबी वाकिफ थे कि मशहूर जापानी निवेशक रॉकफेलर अमेरिकी ब्रांड्स और संपत्तियों के अधिग्रहण का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे उनका नजरिया ऐसा बदला जो आज आयात पर टैरिफ के सच के रूप में सामने है। यहीं से उनके दिमाग में अमेरिका के राष्ट्रपति बनने का मंसूबा भी बना और वो लंबी रणनीतियों और विचारों को लोगों से सार्वजनिक मंच पर जाहिर भी करने लगे।

1987 में ट्रम्प की किताब 'ट्रंप- द आर्ट ऑफ द डील'में अमेरिकी व्यवसाय पर उनकी विस्तृत सोच के साथ मंशा भी झलकती है। लोकप्रिय द ओपरा शो के होस्ट ओपरा विनफ्रे के साथ भी तभी एक लाइव कार्यक्रम में साफ-साफ कहना कि अमेरिकी विदेश व्यापार नीति को वो कैसे सबसे अलग तरीके से संभालेंगे और इससे अमेरिका के लिए सही कीमत वसूलेंगे उनका रणनीतिक शो था। इतना ही नहीं ट्रम्प ने अपने विचारों को एक खुली चिट्ठी के रूप में अमेरिका के सर्वाधिक लोकप्रिय तीन समाचार पत्रों में भी बतौर विज्ञापन प्रकाशित करवाया जिसमें उनके एक लाख डॉलर खर्च हुए थे। मतलब उनका नजरिया पहले ही साफ हो चुका था। लेकिन यह भूलना चाहिए कि उनकी सोच और वास्तविकता में तब और अब में काफी फर्क है। आज अमेरिका का सबसे बड़ा प्रतिद्वन्दी चीन है न कि जापान। 1990 के दशक के युवा रियल एस्टेट डेवलपर ट्रम्प की सोच आज भी वही है जबकि समय के साथ काफी कुछ बदल गया है। लेकिन ट्रम्प हैं कि मानते नहीं। बतौर राष्ट्रपति और व्यवसायी ऐसी सोच अंतर्राष्ट्रीय हितों के खिलाफ हो सकती है। जैसा कि झलक रहा है इससे अमेरिका में विदेशी व्यापारिक निवेश घटेगा जिसका अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन पर भी असर पड़ेगा।

सौ देशों की अमेरिकी 'डिस्काउंटेड रेसिप्रोकल टैरिफ' वाली सूची में भारत भी शामिल है जिस पर 26 प्रतिशत टैरिफ है जो कई एशियाई देशों की तुलना में कम है। भले ही भारत पर इसका प्रभाव अभी कम पड़े। लेकिन भविष्य को लेकर कोई गारंटी भी तो नहीं कि कब और कितना बढ़ जाए?इधर चीन ने भी अमेरिका पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। जिस पर तिलमिलाए ट्रम्प ने 9 अप्रेल तक इसे वापस नहीं लेने पर 50 प्रतिशदत टैरिफ की धमकी दे रहे हैं। अगर अमेरिका अपने हिसाब से चलने की जिद करेगा तो चीन भी आखिर तक लड़ेगा। इधर ब्लू मबर्ग की हालिया सूची बताती है कि ट्रंप के करीबी मस्कग की कुल नेटवर्थ 300 अरब डॉलर के नीचे चली गई है। जनवरी 2025 से अब तक 135 अरब डॉलर यानी करीब 12 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठा चुके हैं। इसी सोमवार को अमेरिकी बाजार में आई गिरावट से मस्क को करीब 40 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ जबकि बीते हफ्ते दो दिन में ही मस्क के 31 अरब डॉलर डूब गए।इस तरफ ट्रम्प के अघोषित टैरिफ वार से विश्व में सबसे नुकसान उठाने वालों की सूची में मस्क 6वें क्रम पर आ चुके हैं। कुल मिलाकार आसार अच्छे नहीं है। नए बजट में ग्रामीण विकास के लिए 1,88,754 करोड़ तथा किसान कल्याण के लिए बीते बरस की तुलना में 11 प्रतिशत ज्यादा यानी 1.71 लाख करोड़ रुपयों का बजट में प्रावधान बताता है कि हमारी अपने आर्थिक मोर्चों पर कैसी तैयारी है।भले ही 02 अप्रैल 2025 को ट्रम्प ने अमेरिका का मुक्ति दिवस बता रहे हों। लेकिन जिस तरह से दुनिया भर के शेयर बाजार धराशायी हुए, उससे कुछ अलग ही समझ आ रहा है। ट्रम्प भले ही कहें कि हमारे करदाताओं को 50 से अधिक वर्षों से लूटा जा रहा है। लेकिन रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने वाला आदेश उनकी ईर्ष्या, खीझ और अजीब दूरगामी सोच ही दशार्ता है। अब अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर यूरोपीय यूनियने के टैरिफ के लिए 9 अप्रैल का इंतजार करना होगा, जिस पर मतदान होना है। यदि यह भी जस का तस जैसे रहा तो आसार और बिगड़ सकते हैं। पहले ही दुनिया भर के शेयर बाजार धड़ाम हो चुके हैं। खुद अमेरिका भी इसी से अछूता नहीं है। ट्रम्प का अमेरिका में ही विरोध होने लगा है। उन्हे न केवल तानाशाह बल्कि अर्थव्यवस्था को तहस-नहस करने वाला सनकी तक कहा जाने लगा है। सभी 50 राज्यों में 150 संगठनों 1200 से ज्यादा प्रदर्शनों में हजारों का जुटना बताता है कि चिंता कितनी गंभीर है। 'हैंड्स ऑफ' नाम के इस प्रदर्शन में शनिवार को हजारों लोग जुटे। 2017 में महिला मार्च और 2020 में ब्लैक लाइव्स आन्दोलन के बाद ट्रंप का ऐसा भारी विरोध हो रहा है। असल में एलन मस्क का दखल भी अमरीकियों को पसंद नहीं आ रहा है। उन पर नौकरी में छंटनियों के मंसूबों सहित सत्ता हथियाने जैसे गंभीर आरोप लग रहे हैं। इधर भारत और खुद अमरीका सहित दुनिया भर के शेयर बाजारों में आज खुलते ही जबरदस्त तो कहीं ऐतिहासिक गिरावट देखी जा रही है। निश्चित रूप से शुभ संकेत नहीं हैव्यावसायिक हितों और तमाम दूसरे मामलों में सतर्क दुनिया ने एकजुट होकर ट्रम्प को जवाब देना शुरू कर दिया है जिससे वैश्विक ट्रेड वार की आशंका बढ़ गई है। काश ऐसा नहीं होता और ट्रम्प समझदारी और विवेक से काम लेते। दुनिया में कम से कम खुशहाल इंसानियत के लिए तो सौदेबाजी से बचा जाए। लेकिन ट्रम्प नहीं माने और बदली हुई परिस्थितियों में बाकी सभी एकजुट हो आपदा में अवसर तलाशने लगे तो कहीं अमेरिका ही हासिए पर न चला जाए? अच्छा होता कि इतना तो ट्रम्प समझ पाते!

एक नजर

## गीदम के ओसवाल भवन में नवकार मंत्र का किया गया सामूहिक जाप



**गीदम, 9 अप्रैल ।** ओसवाल जैन समाज द्वारा विश्व नवकार महामंत्र दिवस के पावन अवसर पर गीदम नगर के ओसवाल भवन में आज नवकार महामंत्र जाप का आयोजन किया गया जिसमें जैन समाज के साथ साथ अन्य समाज के महानुभवों ने भी साथ मिलकर इस महा जाप में अपनी सहभागिता निभाई। गौरतलब है कि पूरे विश्व के 108 देशों में आज एक साथ एक स्वर में नवकार महामंत्र का जाप किया जाना था जो सुबह 8:01 से 9:36 बजे तक यह जाप किया गया जिसमें वरिष्ठ युवा महिलाएं बच्चे सभी ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह महाजाप विश्व कल्याण विश्व शांति के लिए किया गया और पूरे विश्व में इसका आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य रूप से जैन समाज के अध्यक्ष विमल सुराना , नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना , सर्व गुप्ता समाज के अध्यक्ष संतोष गुप्ता , अंकित गुप्ता , क्षत्रिय समाज से पुतिन सिंह , ब्राह्मण समाज से जसराज शर्मा , माहेश्वरी समाज से जसराज गांधी , धनराज राठी दिगम्बर जैन समाज से सुशील जैन , रामजन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश गुप्ता , जैन समाज के वरिष्ठ देवीचंद सुराना , महेंद्र गोलछा , मोती लाल सालेचा , धनराज लोढ़ा , अशोक बुरड़ , मनीष सुराना , मोहन लाल बुरड़ , समता युवा संघ अध्यक्ष मदन गोलछा , महामंत्री राजेश सुराना , उपाध्यक्ष उत्तम बुरड़ , नवरतन बुरड़ , सोनू बुरड़ , गौरव सुराना , स्वरूप सुराना , जसराज सुराना , दीपक बुरड़ , रोशन लोढ़ा समेत बड़ी संख्या में सभी इस आयोजन में शामिल हुए ।वहीं गीदम के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल प्रांगण में भी नवकार महामंत्र जाप किया गया जिसमें स्कूल के बच्चों ने आचार्य एवं दीदीजी के साथ मिलकर जाप किया स्कूल के प्राचार्य विजय दुबे ने बच्चों को भगवान महावीर के संदेश एवं नवकार मंत्र की महानता के बारे में बताया गया ब जियो और जीने दो का नारा देने वाले भगवान महावीर का जीवन परिचय भी बच्चों को बताया गया।

## भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव में महापौर शामिल हुए



**जगदलपुर,9 अप्रैल।** ओसवाल जैन श्वेतांबर समाज जगदलपुर द्वारा 13 दिवसीय कार्यक्रम भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव 2025 के मौके पर महापौर संजय पाण्डे मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। जगदलपुर के वाटर फ्रंट में मंगलवार रात को आयोजित जैनिज्म परिवार के द्वारा संभाग स्तरीय ग्रुप गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मालूम हो कि 13 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ 29 मार्च से किया गया है जिसका समापन 10 अप्रैल को होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इसके बाद समाज के लोगों ने कुमकुम, तिलक लगाकर संजय पाण्डे का स्वागत किया। महापौर संजय पाण्डे ने अपने उद्बोधन में कहा भगवान महावीर के बताएं रास्ते पर चलें, सदमार्ग का अनुशरण करें। भगवान महावीर के संदेशों को जन जन तक पहुंचाए। ऐसे आयोजनों से समाज के उभरते कलाकारों को मंच तो मिलता ही है साथ ही उनकी प्रतिभा भी उभरती है। समाज की महिलाओं व नन्हीं बालिकाओं ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के बीच में महापौर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में मनोहर लूनिया, भंवर बोथरा, पारसमल जैन, विमल बोथरा, श्रीपाल जैन, जयेश बरडिया, चंद्रेश छाजेड संध्या वैष्णव सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।



## कोंटा जनपद अध्यक्ष ने किया कार्यालय का निरीक्षण

**सुकमा,9 अप्रैल।** 4 अप्रैल को कोंटा जनपद अध्यक्ष ने कार्यालय का निरीक्षण किया। सीईओ मांझी से कहा कि कार्यालय साफ सुथरा रहना चाहिए। हमें गंदगी बिल्कुल पसंद नहीं है। फाइलों को बांधकर रखें। अध्यक्ष श्रीमती कुसुम लता कवासी ने आंगन में घास लगवाने कहा जनपद सीईओ मांझी ने कि श्रमदान करवाएंगे।

# दुर्ग की अमानवीय घटना बेहद शर्मनाक,भाजपा सरकार में अब मासूम बच्चियां भी नहीं हैं सुरक्षित:सुशील मौर्य



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 9 अप्रैल।** आज बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में दुर्ग जिले में 6 साल की मासूम बच्ची के साथ घटित अमानवीय व शर्मनाक घटना को लेकर कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा गृहमंत्री विजय शर्मा की इस्तीफे की मांग को लेकर राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार का पुतला दहन किया गया।

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि रामनवमी के दिन कन्या भोजन करने के लिए अपनी छोटी-छोटी सहेलियों के साथ निकली छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उस बच्ची के प्राइवेट पार्ट को सिगरेट से दागा, लाइटर से जलाया और इलेक्ट्रिक शॉक देकर मारा गया व कार के अंदर बंद डाल दिया गया..मासूम के साथ हुई घटना बेहद निंदनीय व अमानवीय है. महिला सुरक्षा और सम्मान के बड़े बड़े दावे करने वाली सरकार मासूम बेटियों की सुरक्षा भी नही कर पा रही है.इतना ही नहीं पीड़ित परिवार के साथ न्याय करना छोड़ पुलिस प्रशासन ने पीड़ित परिवार के लोगों को ही बुरी तरह से पीटा है. जिसमें पीड़ित परिवार की एक अन्य बच्ची को भी पुलिस ने पीटा है.जिसको लेकर पीड़ित परिजनो द्वारा धरना दिया गया.. कांग्रेस पार्टी की मांग है कि संबंधित थाना प्रभारी व दुर्ग एसपी को तत्काल निलंबित कर देना चाहिए और अपराध रोकने में नाकाम प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए या मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी को गृहमंत्री को बर्खास्त कर देना चाहिए ।

इस दौरान रामशंकर राव,अंगद त्रिपाठी, रविशंकर तिवारी,कविता साहू,महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद, महामंत्री जाहिद हुसैन, सुभाष गुलाटी, सेमीयल नाथ, निकेत झा, महेश द्विवेदी, जावेद खान,सूरज कश्यप, अनुराग़ महतो, सुषमा सुता,असीम सुता, सहदेव नाग,पार्षद राजेश चौधरी, गौतम पाणिग्रही, पार्षद जस्टिन भवानी,शुभम् यदु,अजय बिसाई,संदीप दास,विक्रांत सिंह, अंकित सिंह,लव मिश्रा,शादाब अहमद, गौरव अयंगर,सायमा अशरफ,ज्योति राव,पंकज केवट,हेमंत कश्यप,मनिता राउत, सलीम जाफर, राजेंद्र पटवा, राजेश साहू,खेमराज सेठिया, खीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे

भंडारा





**सुकमा। राम मंदिर एवं काली मंदिर में रामनवमी पर भंडारा का आयोजन किया गया। काली मंदिर में पहले कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराया गया। उसके बाद हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।**

# सुशासन तिहार राज्य में पारदर्शिता और लोककल्याण की दिशा में सीएम का महत्वपूर्ण कदम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा,9 अप्रैल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य में सुशासन तिहार के आयोजन का ऐलान किया है, जो शासन की पारदर्शिता, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करेगा।




**जिले में आयोजित कार्यक्रम**-कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि सुकमा जिले के सभी पंचायतों, नगरीय निकायों और विकासखंड मुख्यालयों में सुशासन तिहार के अंतर्गत 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी के माध्यम से ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त किए जाएँगे। आवेदन करने के लिए पंचायत स्तर में एक व्यक्ति की नियुक्ति की जाएगी। जो ग्रामीणों के लिए आवेदन टाइप करेगा या लिखेगा। उनके माध्यम से ग्रामीण अपनी समस्या या सुझाव से संबंधित आवेदन समाधान पेटी में जमा करेंगे। जिला प्रशासन के द्वारा 1 माह के भीतर प्राप्त शिकायतों का निराकरण किया जाएगा।


**सुशासन तिहार-2025 की प्रमुख विशेषताएं**-सुशासन तिहार-2025 का पहला चरण 08 से 11 अप्रैल 2025 तक होगा, जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। यह आवेदन ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में समाधान पेटी के माध्यम से प्राप्त होंगे। ऑनलाइन आवेदन की भी व्यवस्था की जाएगी और आवेदनकर्ताओं को पावती दी जाएगी। आवेदन प्राप्त होने के बाद, संबंधित अधिकारियों द्वारा इन्हें एक माह के भीतर निराकृत किया जाएगा। अधिकारियों को समय सीमा के भीतर इनका समाधान सुनिश्चित करना होगा। आवेदन के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा राज्य और जिला स्तर पर की जाएगी। सांसद, विधायक जनप्रतिनिधि होंगे शामिल मुख्यमंत्री ने बताया कि इस तिहार में स्थानीय सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। वे तिहार के प्रत्येक चरण में शामिल होंगे और जनता से सीधे संवाद करेंगे।

**विकास कार्यों का निरीक्षण**-मुख्यमंत्री और राज्य के अधिकारी प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण करेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से हो रहा है और लोगों को उनका लाभ मिल रहा है।

**आम जनता से अपील**-मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लें, ताकि सुशासन तिहार-2025 सफल हो सके और प्रदेश में सुशासन की स्थापना की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण साबित हो सके।

# रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा, जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा नगर





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा,9 अप्रैल।** रामनवमी के अवसर पर सुकमा जिला मुख्यालय में भव्य शोभायात्रा निकाला गया। श्री राम मंदिर से विशेष पूजा अर्चना कर शोभायात्रा प्रारंभ किया गया, शोभायात्रा सुकमा नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए राजवाड़ा स्थित माता मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। भगवान श्री राम की आकर्षक झांकी की लोगों को ध्यान आकर्षण कर रही थी जो काफी सुंदर और सुसज्जित तरीके से झांकी तैयार किया गया था। इस दौरान शोभायात्रा में सैकड़ो की संख्या में शामिल श्रद्धालु जन हुए और डीजे के धुन पर जमकर थिरके और जय श्री राम के जयकारों से पूरा सुकमा नगर गूंज उठा। शोभा यात्रा का आयोजन रामनवमी आयोजन समिति सुकमा के द्वारा किया गया था।शोभा यात्रा में रहा आकर्षण केंद्र इस शोभा यात्रा में श्रीराम लाल झांकी, बस्तरिया ढोल बाजा नृत्य, मधुर प्रजापति बैंड पार्टी, श्री राम संनय मद्देड़ बाजा, शिव अघोरी झांकी ग्रुप हरियाणा, श्रीराम दरबार झांकी राजनांदगांव, डीजे यश कोंडागांव, डीजे सचदेवा भानुप्रतापपुर, डीजे मां दुर्गा बचेली शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र रहा। जहां युवा वर्ग डीजे की धुन पर जमकर नृत्य और इस पल का लुफ्त उठाया।

**शोभायात्रा में सैकड़ों भक्त हुए शामिल**-सुकमा जिला मुख्यालय स्थित राम मंदिर से पूजा अर्चना कर शोभा यात्रा का प्रारंभ किया गया यह शोभायात्रा घर के मुख्य मार्ग से होते हुए आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा पूरे नगर का भ्रमण कर राजवाड़ा स्थित शीतला माता मंदिर में संपन्न किया गया। वहीं इस शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में राम भक्त शामिल हुए, और पूरा नगर जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। वहीं जगह-जगह पर राम भक्तों के लिए शरबत इत्यादि का भी वितरण किया गया।

**सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान रहे बंद**-राम नवमी के अवसर पर जिला मुख्यालय में जहां सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान स्वस्फूर्त बंद रहा। जिसकी वजह से राम भक्तों में और भी ज्यादा उत्साह रहा। इस दौरान पूरा जिला मुख्यालय भक्त राम भक्ति में डूब थे, साथ ही इसके अलावा जिले के गादीरास, छिंदगढ़ सहित अन्य जगहों पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

**भक्तों को जगह-जगह पर शरबत इत्यादि किया वितरण** -वही शोभायात्रा में शामिल भक्तों के लिए श्रद्धालुओं के द्वारा ही जगह-जगह पर शरबत इत्यादि का वितरण किया गया। राम सेवा दल के द्वारा नगर के हनुमान चौक में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी आकर्षण रूप से सजाया गया था साथ ही राम भक्तों को लस्सी वितरण किया गया।

# अधिकारी कर्मचारी संघ ने किरण देव से ओबीसी में कृमि लेयर और नान कृमि लेयर की स्पष्ट सीमा तय करने की मांग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,9 अप्रैल।** पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व जगदलपुर विधायक किरण देव से विभिन्न विषयों को लेकर मुलाकात किया गया। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ जिला बस्तर के प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला अध्यक्ष तुलादास मानिकपुरी के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व जगदलपुर विधायक किरण देव से मुलाकात कर अधिकारी कर्मचारी से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया गया। बताया गया कि जाति प्रमाण पत्र बनाते समय स्पष्ट दिशा निर्देश के अभाव में ओबीसी में क्रीमीलेयर और नॉन क्रीमीलेयर को लेकर भ्रांति है जिसके कारण जो व्यक्ति नॉन क्रीमीलेयर में आना चाहिए उसे क्रीमीलेयर प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। जिससे मिलने वाले लाभ से वंचित हो जाते हैं। जबकि निर्देश है कि कृषि आय और कर्मचारियों के वेतन को नहीं जोड़ा जाता है। यदि कोई कर्मचारी तृतीय या चतुर्थ श्रेणी में भर्ती होकर 40वर्ष के बाद यदि द्वितीय श्रेणी में आने पर वह नॉन क्रीमीलेयर में ही पात्र होंगे, पर स्पष्ट दिशा निर्देश के अभाव में उसका क्रीमीलेयर का प्रमाण पत्र बना देने पर मिलने वाले लाभ से वंचित होना पड़ता है। इस पर स्पष्ट निर्देश जारी करने का निवेदन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ब विधायक किरण देव से किया गया। इसी तरह एनएमडीसी के द्वारा बस्तर संभाग के अनुसूचित जति के बालिकाओं को निः शुल्क जीएनएम एवं बीएससी नर्सिंग कोर्स कराया जाता है, इसके दायरे में ओबीसी सहित सभी जातियों के प्रतिभावान निर्धन परिवार के बालिकाओं को शामिल किये जाने की मांग की गई। विदित हो कि इसके पूर्व पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ के मांग पर ही एनएमडीसी के द्वारा संचालित स्कूली छात्राओं छात्रवृत्ति प्रदाय योजना में ओबीसी सहित अन्य गैर आदिवासी बालिकाओं को लाभ मिलना प्रारम्भ हुआ है। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में तुलादास मानिकपुरी जिला अध्यक्ष, राजेश गुप्ता जिला संरक्षक, ओम प्रकाश पटेल जिला सहसचिव एवं अन्य कर्मचारी गण शामिल थे।

# मासूम बच्ची की हत्या मामले की कांग्रेस जांच टीम ने ली जानकारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 अप्रैल।** भिलाई दुर्ग के ओम नगर उरला में 6 साल की मासूम बच्ची से दरिंदगी और हत्या के मामले में आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित जांच टीम ने पहुंचकर अपना काम शुरू कर दिया। पीड़ित परिवार के लोगों से बालोद विधायक संगीता सिन्हा के नेतृत्व में पहुंची पांच सदस्यीय टीम ने बंद कमरे में घटना के बारे में जानकारी ली। इधर इस गंभीर मामले में त्वरित और गुणवत्ता परक जांच के लिए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने एसआईटी का गठन किया है प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के द्वारा जिला मुख्यालय दुर्ग के मोहन नगर थाना अंतर्गत ओम नगर निवासी 6 वर्षी मासूम बच्ची के साथ हुई अनाचार व हत्या की संवेदनशील घटना की जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित किया गया है। इसका संयोजक बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा को बनाया गया है। टीम में बतौर सदस्य खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल, पूर्व विधायक छन्नी साहू और राजनांदगांव की पूर्व महापौर हेमा देशमुख शामिल हैं। इस टीम ने आज दुर्ग पहुंचकर पीड़ित परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और घटना से जुड़ी विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली

# सुकमा की दो महिलाओं को मिला नारी शक्ति सम्मान

**सुकमा,9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रायपुर स्थित न्यू उड़ान जन सेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 5 महिलाओं को ÷नारी शक्ति सम्मान÷ से नवाजा गया। इस सम्मान समारोह में सुकमा जिले की दो प्रेरणादायक महिलाएं– सुजाता शर्मा (मेकअप आर्टिस्ट) और बरखा बागड़े (हेयर स्टाइल आर्टिस्ट)–को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।सुकमा की ये महिलाएं न केवल ब्यूटी पार्लर के सफल संचालन में माहिर हैं, बल्कि उन्होंने अपनी मेहनत और समर्पण से अन्य महिलाओं और युवतियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इनके प्रयासों से कई महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हुईं और समाज में अपने लिए एक नई पहचान बनाई।न्यू उड़ान जन सेवा फाउंडेशन की डायरेक्टर उषा शर्मा ने सम्मानित करते हुए कहा, ÷ऐसी महिलाएं समाज की प्रेरणा हैं, जो न केवल अपनी सफलता का मार्ग प्रशस्त करती हैं, बल्कि दूसरों को भी अपने साथ लेकर चलती हैं। सम्मान प्राप्त करने पर सुजाता शर्मा ने कहा, यह पुरस्कार मेरे कार्य को और बेहतर बनाने की प्रेरणा देगा। मेरा सपना है कि हर महिला अपने हुनर के बल पर आत्मनिर्भर बने और समाज में अपना योगदान दे।÷ वहीं, बरखा बागड़े ने कहा, ÷यह सम्मान मुझे और भी जिम्मेदार बनाता है और मुझे अपने कार्य में और उत्साही बना देता है। समारोह के दौरान उपस्थित जनसमूह ने इन दोनों महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। इनकी सफलता न केवल सुकमा जिले के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा है कि जब महिलाएं खुद के लिए कुछ करती हैं, तो वो ना केवल अपनी जिंदगी बदलती हैं, बल्कि दूसरों की जिंदगी में भी सकारात्मक बदलाव लाती हैं।

## दूरस्थ क्षेत्रों में हैंडपंप की मरम्मत की जा रही

**सुकमा,9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बढ़ती गर्मी के बीच जिला प्रशासन ने हैंडपंप मरम्मत कार्य शुरु करा दिया है। प्रत्येक विकासखंड में हैंडपंप मरम्मत दल नियुक्त किया गया है। जो शिकायत प्राप्त होने पर मरम्मत करने मौके पर पहुंचेंगे। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा गर्मी में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करायेगी। मरम्मत दल प्रत्येक विकासखंड के हरेक पंचायत और गांव में जाकर खराब पड़े हैंडपंप की मरम्मत करेगा। पेयजल स्त्रोतों की मरम्मत के साथ लोगो को जल जागरूकता के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री ध्रुव ने पीएचई विभाग को स्पष्ट निर्देश दिया है कि गर्मी के मौसम में आम जन को पेयजल की असुविधा ना हो।लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सुकमा के मुख्य अभियंता श्री वीके राम ने बताया कि ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में खराब हैंडपंपों की शिकायत पर तुरन्त रिपेयरिंग कार्य किया जा रहा है। विभाग के द्वारा अभियान चलाकर कोंटा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम जगरगुंडा, पुवर्ती, रायगुड़ा, चिंतलनार और लखापाल में हैंडपंप सुधार कार्य किया जा रहा है।



## सक्षम कोचिंग के नवीन सत्र का शुभारंभ, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी होगी अब और भी आसान



**सुकमा,9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा जिले के आदिवासी युवाओं को शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा एक और सराहनीय पहल की गई है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति केंद्र सुकमा के अंतर्गत संचालित सक्षम कोचिंग में अप्रैल के पहले सप्ताह से नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ कर दिया गया है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्र के स्नातक उत्तीर्ण युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार कर उन्हें सरकारी सेवाओं व अन्य प्रतिष्ठित पदों तक पहुँचाना है। सक्षम कोचिंग के अंतर्गत युवाओं को व्यापक रूप से मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है, जिसमें लोक सेवा आयोग, व्यापम, एसएससी व बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है।

**प्रशिक्षण के लिए अनुभवी शिक्षकों की नियुक्ति**-इस सत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु 6 योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की गई है, जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की बारीकियों को ध्यान में रखते हुए छात्रों को मार्गदर्शन देंगे।

**लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध**-सक्षम कोचिंग में एक समृद्ध लाइब्रेरी भी स्थापित की गई है, जिसमें सभी आवश्यक पुस्तकों और अध्ययन सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। छात्र/छात्राएं इन पुस्तकों का उपयोग कर सुविधाजनक तरीके से अपनी परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं। नवीन सत्र में प्रातः व सायं दो सत्रों में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, ताकि छात्र अपनी सुविधानुसार समय का चयन कर सकें। सहायक नोडल अधिकारी श्री वीरूपाक्ष पौराणिक ने बताया कि वर्ष 2024 में सक्षम कोचिंग के 07 छात्रों ने लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा में सफलता अर्जित कर जिले का नाम रोशन किया था, जो इस पहल की सफलता का प्रमाण है।

## प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए आवासीय खेल अकादमी के लिए चयन ट्रायल 21 अप्रैल से



**सुकमा,9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश के स्कूली संस्थाओं में अध्ययनरत प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य की दिशा में प्रेरित करते हुए राज्य सरकार द्वारा एक सराहनीय पहल की जा रही है। इसी क्रम में खेल में रुचि रखने वाले खिलाड़ियों को राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाता है।खेल अधिकारी श्री वीरूपाक्ष पौराणिक ने बताया कि इस खेल अकादमी में खिलाड़ियों को खेलों का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, बल्कि उन्हें शैक्षणिक सुविधा, पौष्टिक आहार, खेल परिधान, खेल सामग्री और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भागीदारी का भी अवसर मिलेगा। यह सुविधा पूर्णतः आवासीय होगी, जिससे खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के साथ-साथ शिक्षा भी प्राप्त होती रहेगी।इस खेल अकादमी में चयन हेतु 21 से 23 अप्रैल और 25 से 27 अप्रैल 2025 के बीच राजधानी रायपुर में चयन ट्रायल आयोजित किए जाएंगे।

चयन प्रक्रिया में तीरंदाजी (बालक/बालिका), फुटबॉल (बालक), हॉकी (बालक/बालिका), तथा एथलेटिक्स (बालक/बालिका) जैसे प्रमुख खेलों के लिए 13 से 17 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है।जिला प्रशासन, सुकमा के मार्गदर्शन में जिले से 5 बालक और 5 बालिका, कुल 10 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के दल को चयन ट्रायल हेतु राजधानी रायपुर भेजा जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी करें संपर्कखेलों में रुचि रखने वाले और अकादमी में स्थान प्राप्त करने के इच्छुक खिलाड़ी अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 94252-60430 पर संपर्क कर सकते हैं।

# दुष्कर्म की घटना के विरोध में कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का फूंका पुतला

- महिलायें और बच्चे भाजपा सरकार की लचर कानून व्यवस्था का हो रहे हैं शिकारः विक्रम
- गृह मंत्री राज्य में हो रहे दुष्कर्म की घटनाओं की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपना इस्तीफा देः मंडावी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बीजापुर, 9 अप्रैल। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय दुर्ग के मोहन नगर थानांतर्गत ओम नगर निवासी 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुयी दुराचार व हत्या तथा प्रदेश में महिलाओं के साथ लगातार घट रही अपराध की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने व राज्य की लचर कानून-व्यवस्था सहित गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर जिला मुख्यालय बीजापुर में कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री का पुतला दहन किया गया है।इस दौरान बीजापुर के विधायक और कांग्रेस नेता विक्रम मंडावी ने दुर्ग जिले में मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म की घटना पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि ÷इस घटना ने प्रदेश सरकार के कानून व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है, प्रदेश की भाजपा सरकार में महिलायें और बच्चे लगातार लचर क़ानून व्यवस्था का शिकार हो रहे हैं और महिलाओं और बच्चों पर दुष्कर्म की घटनाएं बड़ी हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार का क़ानून व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं है इसलिए प्रदेश की भाजपा सरकार के गृह मंत्री विजय शर्मा को राज्य में हो रहे दुष्कर्म की घटनाओं की नैतिक ज़िम्मेदारी लेते हुए उन्हें अपने पद से इस्तीफ़ा दे देना चाहिये।÷इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर,नगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेंद्र हेमला, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम खत्री, पूर्व पार्षद ललिता झाड़ी, कविता यादव, पूर्व पार्षद लक्ष्मण कड़ती,महिला कांग्रेस की संजना चौहान, युवा कांग्रेस के कामेश मोरला,एजाज सिद्दीकी,जग्गी सेन,हिमांशु गुप्ता,नवनीत नायडू,बलराम कोरसा, सदाशिव राना, राकेश ठाकुर,वरिष्ठ कांग्रेसी इदरीस खान, राम कुमार दुर्गम सहित बड़े संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जनता की समस्याओं का होगा समाधान

बीजापुर 9 अप्रैल। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के पहल पर आयोजित सुशासन तिहार 2025 का जनमानस में उत्साह देखने को मिल रहा है। शासकीय कार्यों में पारदर्शिता लाने एवं शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने राज्य में आज 8 अप्रैल से सुशासन तिहार का शुभारंभ हो गया है। बीजापुर जिले में पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी के माध्यम से आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसके लिए कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में सभी ग्राम पंचायत कार्यालयों, तहसील, जनपद, नगर पंचायत, एसडीएम कार्यालय सहित जिला मुख्यालय में कलेक्टर कार्यालय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला पंचायत सहित नगरपालिका नगर पंचायतों में भी समाधान पेटी के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए जा रहे है।कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने सुशासन तिहार के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए नामजद अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है वहीं सुशासन तिहार के आयोजन के लिए अपर कलेक्टर श्री भूपेन्द्र अग्रवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया।ग्रामीण एवं शहरी जनमानस में सुशासन तिहार एवं समाधान पेटी के प्रति काफी उत्साह देखने को मिल रहा है वहीं आम जनता को सुगमतापूर्वक आवेदन लिखने हेतु समाधान पेटी में आवेदन करने हेतु सहयोगी के रूप में कर्मचारियों की नियुक्ति भी की गई है।

## एक नजर



### मनरेगा मजदूरी दर 261 रुपए रोजगार दिवस में दी जानकारी

बीजापुर,9 अप्रैल। महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 1 अप्रैल से जॉब कार्डधारी मजदूरों को प्रत्येक दिवस उनके कार्य के बदले 261 रुपए की मजदूरी प्राप्त होंगे।उक्त जानकारी ग्राम पंचायतों में श्रमिकों को देते हुए बैंकिंग सेवाओं में आने वाली कठिनाइयों के बारे में जागरूक लाने रोजगार दिवस में अवगत कराया गया। प्रत्येक माह 7 तारीख को पंचायतों में रोजगार दिवस के आयोजन करने के निर्देश हैं, जिसमें योजनान्तर्गत नवीन प्रावधानों के अलावा जाबकार्ड धारी श्रमिकों की आने वाली समस्याओं का समाधान किया जाता है। वर्तमान में मनरेगा मजदूर दर 261 रुपए है।

### पोषण पखवाड़ा अंतर्गत सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया



महासमुंद 9 अप्रैल । कुपोषण मुक्त भारत÷ के संकल्प को साकार करने की दिशा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। आयोजन अंतर्गत कुपोषण से मुक्ति, स्वास्थ्य, खान पान और व्यक्तिगत सफाई आदि से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य जन-सामान्य में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कुपोषण की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर आज शहरी परियोजना अंतर्गत संजय नगर वार्ड और विश्वकर्मा नगर वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें जन सहभागिता अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक के सीएसआर परियोजना के तहत प्रवीण जैन, योगेन्द्र साहू और स्वयं सेवी संस्था मन्नत सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अंजिता सबलोक, समर्थ और पर्व सबलोक मौजूद थे। गौरतलब है कि एस बी आई द्वारा इन केंद्रों को गोद लिया गया है।यहां विभिन्न जन-जागरूकता एवं सुपोषण चौपाल लगाकर गतिविधियों के माध्यम से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।



जगदलपुर,9 अप्रैल । शहर के अनुपमा चौक में कचरों का अंबार पड़ा है नगर निगम कचरा डालने वालों पर उचित कार्रवाई नहीं कर रही है।

# 85 बटालियन ने सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया



बीजापुर 9 अप्रैल। बटालियन केन्द्रिय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) मुख्यालय, नयापारा, बीजापुर में 27 मार्च 2025 को केन्द्रिय रिजर्व पुलिस बल स्पोर्ट्स मेला के तहत धुर माओवाद प्रभावित क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों हेतु भव्य क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करने का उद्देश्य बीजापुर जिले के अतिसंवेदनशील एवं माओवाद प्रभावित क्षेत्र के स्थानीय युवाओं के बीच खेल भावना को बढ़ावा देना और स्थानीय जनता के साथ संबधों को मजबूत करना है।

इस क्रिकेट प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ सेक्टर केन्द्रिय रिजर्व पुलिस बल के महानिरीक्षक श्री राकेश अग्रवाल के निर्देशनुसार श्री डी.एस. नेगी डी0आई0जी0 रेंज बीजापुर केन्द्रिय रिजर्व पुलिस बल के मार्गदर्शन में बीजापुर रेंज की 22 बटालियन, 85 बटालियन, 153 बटालियन, 168 बटालियन, 170 बटालियन, 196 बटालियन, 199 बटालियन, 214 बटालियन, 222 बटालियन, एवं 229 बटालियन के परिचालनिक क्षेत्र से चयनित युवाओं की कुल 10 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बीजापुर जिले के अलग अलग क्षेत्रो से कुल दस स्थानीय टीमों ने भाग लिया। दिनांक 08 अप्रैल 2025 मंगलवार को आयोजित एक रोमांचक फाइनल मैच मुतवंडी टाइगर्स बनाम गोटपल्ली वाइकिंग्स के साथ हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बीजापुर रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री देवेन्द्र सिंह नेगी ने किया।यह खेल प्रतियोगिता रचनात्मक और समावेशी पहलों के माध्यम से स्थानीय आबादी के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिए सी0आर0पी0एफ0 की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।स्थानीय निवासियों ने इस आयोजन के लिए सी आर पी एफ के प्रति आभार व्यक्त किया, युवा विकास और सामुदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने पर इसके सकारात्मक प्रभाव पर जोर दिया।मुतवेंडी टाइगर्स और गोटपल्ली वाइकिंग्स के बीच फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमे गोटपल्ली वाइकिंग्स ने मुतवेण्डी टाइगर्स को 03 विकेट से पराजित किया। विजेता टीम को 11000 रूपये की राशि तथा उप विजेता टीम को 5500 रूपये की राशि तथा दोनो टीमों को ट्रॉफी प्रदान की साथ ही मैन ऑफ द सिरिज (मोहीत) एवं मेन ऑफ द मैच (राहीत मेक्सी) को भी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री पुश्पेन्द्र कुमार, कमाण्डेंट 206 कोबरा, श्री सुनील कुमार राही, कमाण्डेंट 85 बटालियन, श्री विक्रम सिंह, 168 बटालियन, श्री सरकार राजा रमन, कमाण्डेंट 170 बटालियन, श्री ब्रजेश कुमार सिंह, द्वितीय कमा0 अधिकारी 85 बटालियन, श्री सुरेश ओराव, द्वितीय कमा0 अधिकारी 85 बटालियन एवं श्री नरेन्द्र सिंह, उप कमाण्डेंट 85 बटालियन उपस्थित रहें। युवाओं को खेलों में शामिल करने और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने के लिए इस पहल की व्यापक रूप से सराहना की गई। केन्द्रिय रिजर्व पुलिस बल द्वारा किए गये इस भव्य आयोजन को स्थानीय नागरिकों एवं खेल प्रेमियों द्वारा प्रशंसा की गई।

## युवा संवाद कार्यक्रम बीजापुर में आयोजित



बीजापुर, 9 अप्रैल । मंगलवार को बीजापुर के जिला पंचायत सभागार में छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय तोमर के मुख्य आतिथ्य में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में स्कूल, महाविद्यालय और युवा खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इसका उद्देश्य युवाओं के विकास और उनकी समस्याओं पर चर्चा करना था, ताकि राज्य की युवा नीति को और अधिक सशक्त और प्रभावी बनाया जा सके।कार्यक्रम में श्री तोमर ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ युवाओं तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने बस्तर क्षेत्र के स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए युवाओं से सुझाव लेने की बात की, ताकि छत्तीसगढ़ की युवा नीति में सुधार लाया जा सके।युवाओं को अपने विचार व्यक्त करने के लिए ब्रोशर और पंपलेट वितरित किए गए, जिसमें उन्हें अपने सुझाव लिखित रूप में युवा आयोग को देने के लिए प्रेरित किया गया। कई युवाओं ने अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए, जिन्हें आयोग द्वारा संकलित किया जाएगा।यह कार्यक्रम युवाओं को एक मंच प्रदान करने के साथ-साथ उनके विचारों को सरकार तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था।

# 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन




बीजापुर, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में 08 अप्रैल 2025 से 22 अप्रैल 2025 तक कुपोषण एवं एनीमिया के स्तर में उल्लेखनीय कमी लाने के उद्देश्य से पोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है। व्यक्तिगत एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधित व्यवहार परिवर्तन पोषण अभियान एक मुख्य उददेश्य है। स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जन आंदोलन के रूप मे ''पोषण पखवाड़ा'' का आयोजन इस वर्ष भी 08 अप्रैल 2025 से 22 अप्रैल 2025 तक आयोजन किया जा रहा है। पोषण माह आयोजन अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। जिसके अंतर्गत जिले के विभिन्न सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधियों, स्व सहायता समूहों एवं स्कूल शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, आदिम जाति विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग, महा विद्यालय, एवं यूनिसेफ व वर्ड विजन से समन्वय कर विभिन्न प्रकार की गतिवधियों का आयोजन जैसे की वजन त्यौहार में छूटे हुए बच्चों का वजन, ग्राम पंचायतों पर व्यापक प्रचार प्रसार, नारा, स्लोगन, गंभीर कुपोषित, मध्यम कुपोषित बच्चों का चिंहाकन, गृहभेंट ऑगनबाड़ी एवं स्कूलों में विभिन्न प्रकार के फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन, शालाओं में चित्रकला का आयोजन,शालाओं में पोषण प्रतिज्ञा, ग्राम स्तर पर पंजीयन जागरूकता रैली, स्थानीय स्तर पर उत्पादित होने वाले पौष्टिक सब्जी/अनाज से बनाये गये व्यंजनों का प्रदर्शन, पंचायत प्रतिनिधि, स्व सहायता समूहों का उन्मुखीकरण, राष्ट्रीय कृमि दिवस अंतर्गत कृमि नाशक गोलियों का वितरण, ऑगनबाडी केन्द्र एवं शालाओं में पोषण वाटिका का विकास, एनीमिया कैंप का आयोजन,आईएफए वितरण, पोषण आहार विविधिता के विषय में जागरूकता, पोषण प्रश्नोत्तरी, मासिक धर्म एवं स्वच्छता प्रबंधन पर चर्चा, कॉलेजों एवं स्कूलों में पोषण पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाना है। मितानिन एएनएम द्वारा कुपोषित बच्चों का ग्रीन एवं रेड किया जाना है। इस प्रकार पोषण माह के दौरान विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा। पोषण माह को सफल बनाने के लिए समुदायिक सहभागिता की आवश्यकता होगी। इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया है। पोषण माह अंतर्गत अच्छे कार्य करने वाले ऑगनबाड़ी कार्यकता,सहायिका, सेक्टर पर्यवेक्षक,समूह की महिलाओं, बीजादूतीर स्वयंसेवकों को सम्मानित भी किया जाना है। पोषण पखवाड़ा थीम अनुसार गतिविधियां आयोजित होगी। जीवन में प्रथम 1000 दिवस पर विशेष दिया जाना, पोषण ट्रेकर में उपलब्ध बेनिफिशरी मॉडयूल का व्यापक प्रचार-प्रसार । सी-सेम मॉडयूल के माध्यम कुपोषण का प्रबंधन। बच्चों में मोटापे की समस्या को रोकने के लिए स्वस्थ जीवन शैली के संबंध में जागरूकता।

# मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे लोग

रायगढ़, 9 अप्रैल। जनसमस्याओं के निराकरण की दिशा में जिला प्रशासन रायगढ़ की एक सकारात्मक पहल साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन आज कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में हुआ। जनदर्शन में जिले के जनसामान्य अपनी समस्याएं लेकर कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के समक्ष पहुंचे। कलेक्टर श्री गोयल ने आवेदन लेकर मिलने पहुंचे प्रत्येक व्यक्ति से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री रवि राही, अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जनदर्शन में प्रगति नगर रायगढ़ की श्रीमती सुनीता चौहान अपनी भतीजी हीना चौहान की पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में प्रवेश दिलाने के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने कहा कि हीना के पिता का निधन हो गया है एवं माता कही और चली गई है जिसकी वजह से हीना का लालन-पोषण मेरे द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्ची के अच्छे भविष्य को देखते हुए पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में प्रवेश दिलाने हेतु आग्रह किया। सार्वजनिक प्रचलित मार्ग पर अवैध कब्जा करते हुए बाउंड्रीवाल करके मार्ग को अवरूद्ध किए जाने संबंधी शिकायत आवेदन लेकर श्री दौलत राम जनदर्शन में आए थे। उन्होंने बताया कि कौहाकुण्डा वार्ड 25 में सार्वजनिक वर्षो पुराने मार्ग को स्थानीय निवासी दुरूपति यादव द्वारा पक्का कई फूट ऊची बाउण्ड्रीवाल कर गेट बनाकर उक्त मार्ग को अवैध कब्जा कर लिया गया है। जिसके कारण आने-जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। साथ ही भविष्य में यहां वर्षा ऋतु के जल निकासी एवं लोगों का तालाब तक जाने के मार्ग में भी समस्या उत्पन्न होगी। ग्राम-मिड़मिड़ा एवं बिंजकोट की महिलाएं अवैध शराब बंद कराए जाने के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि बिंजकोट एवं मिड़मिड़ा में अवैध शराब बेचने व बनाने का कारोबार बेखौफ रूप से चल रहा है। जिसकी वजह से यहां के रहवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही लोग शराब पीकर बीमार पड़ रहे है। वहीं आए दिन महिलाओं के साथ मारपीट, गाली-गलौज की स्थिति निर्मित हो रही है। उन्होंने कलेक्टर श्री गोयल से यहां अतिशीघ्र अवैध शराब निर्माण के कार्य को बंद कराने का आग्रह किया। पुरानी बस्ती खरसिया के के गजानंद कुमार दर्शन ग्राम-चोढ़ा गांव से छाल रोड को शीघ्र बनवाए जाने के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने कहा कि यहां की रोड खराब होने की वजह से रोज धूल उड़ रहा है और ग्रामीणों को आने-जाने में बहुत परेशानी हो रही है।

# इंदिरा नगर मारपीट मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा रिमांड पर




रायगढ़,9 अप्रैल। इंदिरानगर में हुए विवाद में युवक पर धारदार हथियार से हमला करने वाले आरोपी सुमित माली उर्फ पाजी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रकरण में पीड़ित अमित सिंह राजपूत (27) ने 7 जून को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें उसने बताया कि घटना 6 अप्रैल को इंदिरानगर चौक में हुई थी। पीड़ित ने बताया कि उसके बड़े पिताजी का लड़का जगन्नाथ सिंह राजपूत शोभायात्रा में मौजूद था और डी.जे. बजाने की बात कह रहा था, तभी वहां मौजूद सुमित माली उर्फ पाजी ने उसे ÷बहुत होशियार बन रहा है÷ कहते हुए मां-बहन की अश्लील गालियां दीं। मना करने पर सुमित ने जान से मारने की धमकी दी और हाथ में रखे धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे जगन्नाथ के बाएं हाथ की कलाई पर गंभीर चोट आई, बीच बचाव में इसे भी चोट आई है। मामले में थाना कोतवाली पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(2), 118(1)(2) बीएनएस के तहत अपराध क्रमांक 144/2025 पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की।वारदात के बाद आरोपी फरार था, जिसकी लगातार तलाश की जा रही थी। 8 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इंदिरानगर स्थित उसके घर में दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में सुमित माली ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त तलवार भी बरामद की गई। साक्ष्य के आधार पर आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 भी प्रकरण में जोड़ी गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर भेज दिया गया है। पूरे मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल, महिला प्रधान आरक्षक बसंती खुंटे एवं उनकी टीम की सक्रिय भूमिका रही।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर तुमनार एवं मद्देड़ का राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम में हुआ मूल्यांकन



बीजापुर, 9 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बीजापुर के अंतर्गत संचालित आयुषमान आरोग्य मंदिर तुमनार (बीजापुर) मद्देड़ (भोपालपटनम) में गुणवत्ता पूर्व स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रीय मूल्यांकन कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन तथा डॉ0 बी0आर0 पुजारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बीजापुर के नेतृत्व में श्री वरुण साहू, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम बीजापुर, डॉ0 विकास गवेल (खण्ड चिकित्सा अधिकारी बीजापुर) डॉ0 के0 चल्लापत्ती राव, (खण्ड चिकित्सा अधिकारी भोपालपटनम) एवं डॉ0 कुमार गौरव, डब्ल्यू0एच0ओ0 सलाहकार व सुश्री मानसी ताटपल्ली (डी0पी0एम0ओ0) के मार्गदर्शन में 03 अप्रैल 2025 एवं 05 अप्रैल 2025 को आयुषमान आरोग्य मंदिर तुमनार मददेड़ का राष्ट्रीय दह्न्क्ख्स्ड्ढ मूल्यांकन डॉ0 प्रभावती रेड्डी एवं डॉ0 देवेन्द्र कुमार बिट्टोरिया के द्वारा चयन हेतु मूल्यांकन किया गया। इस दौरान समस्त अधिकारी-कर्मचारी व मितानीन दीदी उपस्थित रहे।

## रेडी टू ईट एवं फोर्टिफाईड आटा के लिए 21 अप्रैल तक आवेदन

रायगढ़, 9 अप्रैल। जिले के बाल विकास परियोजना/परियोजनाओं के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट एवं फोर्टिफाईड आटा का निर्माण एवं आपूर्ति करने के लिए फर्म एवं सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत् पंजीकृत सक्षम महिला स्व-सहायता समूहों से आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक महिला स्व-सहायता समूह अपना आवेदन 21 अप्रैल 2025 तक कार्यालयीन समय में डाक/कोरियर के माध्यम से कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ में भेज सकते है।

# सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की तत्काल करें एन्ट्रीःकलेक्टर



रायगढ़, 9 अप्रैल। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने आज 8 अप्रैल से प्रारंभ हो रहे सुशासन तिहार-2025 के प्रथम चरण के तहत जन सामान्य से आवेदन लेने की प्रक्रिया की तैयारियों की विकासखंडवार जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण एवं नगरीय निकाय में समाधान पेटी लगाने के साथ ही नोडल अधिकारी नियुक्त कर दी गई है। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि आज प्राप्त सभी आवेदनों का विभागवार मार्किंग कर एंट्री करने के साथ ही आवेदनों का प्राथमिकता के गुणवत्ता पूर्ण निराकरण सुनिश्चित करेंगे।

कलेक्टर श्री गोयल ने जिला रोजगार अधिकारी को अप्रेंटिसशीप योजना के तहत जिले के उद्योगों एवं संस्थानों का दायरा बढ़ाते हुए पोर्टल में अधिक से अधिक पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि युवाओं का इसका लाभ मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने हायर एजुकेशन लोन के संबंध में जानकारी लेते हुए इसके वितरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसी तरह डाक विभाग के लिए पोस्टल अप्रेंटिस की प्रगति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर श्री गोयल ने लीड कॉलेज को निर्देशित किया कि जिले के अन्य कॉलेजों को इसकी जानकारी प्रदान करते हुए अधिक से आवेदन करना सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जल जीवन मिशन के स्थानीय संचालन हेतु घरघोड़ा आईटीआई एवं लाईवलीहुड कालेज रायगढ़ में वाटर डिस्ट्रीब्यूटर ऑपरेटर का ट्रेनिंग प्रारंभ किया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार के साथ जल जीवन मिशन का बेहतर तरीके से संचालन हो सके। इस दौरान उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में कामगारों के लिए स्वास्थ्य कैम्प लगाने के निर्देश जिला आयुर्वेदिक अधिकारी को दिए, ताकि उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर योग एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरुकता लाया जा सके। उन्होंने पर्यावरण एवं माइनिंग विभाग के द्वारा की गई साप्ताहिक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने उद्योगों में हुए दुर्घटनाओं के मद्देनजर औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि उद्योगों में आवश्यक सुरक्षात्मक इंतजाम सुनिश्चित करने हेतु नियमित रूप से उद्योगों का निरीक्षण करें। कलेक्टर श्री गोयल ने जिला सांख्यिकी अधिकारी को आय, जाति, निवास, मृत्यु जैसे दस्तावेज के सैचुरेशन के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उप आयुक्त सहकारिता को समिति के दायरे बढ़ाने के संबंध में प्रगति की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने ई-ऑफिस क्रियान्वयन की तैयारियों की जानकारी भी ली। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को हितग्राहियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने बंद पड़े नलकूप की जानकारी लेते हुए इन्हें वाटर कंजर्वेशन के रूप में डेवलप करने तथा रैन वाटर हार्वेस्टिंग के बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग से अपार आईडी बनाने में आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए।इस अवसर पर डीएफओ सुश्री स्टायलो मण्डावी, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री रवि राही, अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश कुमार गोलछा सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**जल जीवन मिशन के टंकी निर्माण में लाए प्रगति, लापरवाही बरतने वालों पर करें कार्रवाई**-कलेक्टर श्री गोयल ने जिले में निर्माणाधीन उच्च स्तरीय जलागार निर्माण की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है, उन्होंने कार्य बंद वाले स्थानों में अतिशीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिन स्थानों में सोर्स खनन के कार्य शेष है उसे तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ईई पीएचई को निर्देशित किया कि टंकी निर्माण में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने पेयजल समस्याग्रस्त क्षेत्रों के संबंध में जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों से कार्ययोजना की जानकारी ली।

**दिव्यांगजन का शत-प्रतिशत बने यूडीआई डी कार्ड**-कलेक्टर श्री गोयल ने समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित दिव्यांगजन आकलन शिविर की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शिविर में जितने भी दिव्यांगजन पहुंच रहे है सभी का यूडीआईडी कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने पेंशन एवं आधार सीडिंग के कार्य की अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने आयुष्मान एवं वय वंदन की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्तमान में प्रगति बेहतर है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें।

# सुशासन तिहार: प्रथम आवेदक का तिलक लगाकर व गुलदस्ता देकर किया अभिनन्दन

- कलेक्टर ने स्वयं आवेदकों से आवेदन लेकर दी पावती
- सुशासन तिहार को लेकर लोगों में भारी उत्साह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 09 अप्रैल।** राज्य शासन के निर्देशानुसार आज जिले में सुशासन तिहार 2025 का शुभारंभ हुआ। सुशासन तिहार अंतर्गत प्रथम चरण के तहत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आवेदन लेने की शुरुआत हुआ। सभी आवेदन प्राप्ति स्थल को रंगोली एवं बैनर से आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा प्रथम आवेदक का तिलक लगाकर व गुलदस्ता देकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यलय में आवेदन प्राप्ति स्थल पर स्वयं आवेदको से आवेदन प्राप्त किया और पंजी में आवश्यक प्रविष्टि कर पावती दिया।उन्होंने इस दौरान सुशासन तिहार में सबकी सहभागिता हेतु लोगों को प्रोत्साहित किया।



जिले में सुशासन तिहार को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिली। सुशासन तिहार के उद्देश्य को जन- जन तक पहुंचने के लिए सायकिल रैली, नारा लेखन सहित अन्य जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत गिरौद में एसडीम आर. आर. दुबे की उपस्थिति में प्रथम आवेदक श्रीमती प्रेमलता पटेल का तिलक लगाकर व गुलदस्ता भेंट कर अभिनन्दन किया गया। प्रेमलता के आवेदन को पंजी में प्रविष्टि उपरांत पावती दी गई और आवेदन को समाधान पेटी में डाला गया।प्रेमलता पटेल ने बताया कि सुशासन तिहार राज्य शासन की बहुत अच्छी पहल है। इसके माध्यम से लोगों की समस्याओं और मांग से सम्बंधित आवेदनों का उपयुक्त निराकरण तय समय पर होगा। उन्होंने बताया कि एक सामाजिक भवन मांग के लिए आवेदन दिया है।

पालिका परिषद बलौदाबाजार में एसडीएम अमित गुप्ता की उपस्थिति में वार्ड क्रमांक 3 में प्रथम आवेदक सूरज पटेल का गुलाब फूल देकर स्वागत किया गया। विकासखंड भाटापारा के ग्राम पंचायत देवरी में मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति में प्रथम आवेदक का स्वागत किया गया। इसीतरह सभी नगरीय निकायों के वार्डो और ग्राम पंचायतों में सुशासन तिहार का आगाज हुआ।

# भाटापारा में स्टेडियम का होगा जीर्णोद्धार



- पूर्व विधायक और नपा अध्यक्ष के नेतृत्व में निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 09 अप्रैल।** नगर के माता देवालय सर्कस ग्राउंड में स्टेडियम निर्माण का कार्य वर्षों से अधूरा पड़ा था। जिस पर संज्ञान लेते हुए सोमवार 7 अप्रैल को भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के साथ नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने स्टेडियम स्थल में अवलोकन व निरीक्षण किया, साथ ही उक्त अधूरे निर्माण को पूर्ण करने व जीर्णोद्धार के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। भाटापारा क्षेत्र के खेलप्रेमी युवाओं को एक बेहतर खेल सुविधा उपलब्ध कराने की सोच के साथ नगर पालिका परिषद भाटापारा में नवनिर्वाचित नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा विशेष प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार 7 अप्रैल को पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने माता देवालय वार्ड में अधूरे स्टेडियम निर्माण को पूरा करने को लेकर स्थल का निरीक्षण किया। इस मौके पर मौजूद नगर पालिका के कार्यपालन अभियंता श्री अवधिया एवं उपअभियंता श्री कमलेश साहू को स्टेडियम के जीर्णोद्धार एवं आवश्यक सुधार के लिए दिशा-निर्देश दिए, ताकि करायी जा सके।इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया , सभापति गोविंद पटेल , सतीश तलरेजा प्रकाश ठाकुर , शुभम सिंह राजपूत , राकु मंधान , सुरेश किंगरानी , कैलाश बलानी बलदेव मंधान , मूर्लीधर राव , श्रीधर राव एवं समस्त खेलप्रेमी गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सुशासन तिहार,नायब तहसीलदार ने कई गांवों का निरीक्षण किया



**तिल्दा-नेवरा, 09 अप्रैल।** मुख्यमंत्री साय के निर्देशानुसार आज सुशासन तिहार-2025 के तत्वाधान में नायब तहसीलदार तिल्दा-नेवरा विपिन पटेल द्वारा विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने तिल्दा तहसील के विभिन्न ग्रामों की समीक्षा की और आवेदकों से चर्चा कर उनकी मांग और समस्याओं को सुना। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार प्रदेशभर में 8 अप्रैल से 31 मई तक 3 चरणों में आयोजित किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों और नगरीय क्षेत्रों में वार्डवार समाधान पेटी रखी गई है, जिसमें आम जनता अपनी समस्या संबंधी आवेदन डाल सकेंगे।

### 127 निष्क्रिय व्हीएलई की आईडी होगी बंद

**बलौदाबाजार, 09 अप्रैल।** कलेक्टर दीपक सोनी ने सी एस सी के निष्क्रिय व्हीएलई पर सख्त कदम उठाते हुए जिले के सभी निष्क्रिय व्हीएलई के आईडी बंद करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। निर्देश के परिपालन में ई - डिस्ट्रिक्ट मैनेजर द्वारा जिले में सीएससी के निष्क्रिय व्हीएलई जो पिछले 6 माह में सीएससी में कोई भी कार्य नही किया गया है ऐसे 127 व्हीएलई का आईडी बंद करने हेतु राज्य कार्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है। ई- डिस्ट्रिक्ट मैनेजर से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 127 निष्क्रिय व्हीएलई में विकासखंड बलौदाबाजार में 38, सिमगा में 23, भाटापारा में 22, पलारी में 16 एवं कसडोल में 28 शामिल हैं।

### पहले दिन 18 हजार से अधिक आवेदकों ने दिया आवेदन

**बलौदाबाजार, 09 अप्रैल।** सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण अंतर्गत आवेदन प्राप्त करने के प्रथम दिवस 8 अप्रैल कों प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक जिले के 18 हजार 810 आवेदको ने आवेदन प्राप्ति स्थल में अपना आवेदन दिया।

# सुशासन तिहार का नगर में हो रहा सफल क्रियान्वयन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 09 अप्रैल।** विष्णु देव साय जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने जनता के समस्याओं के निराकरण हेतु सुशासन तिहर 2025 आपके शहर आपके ग्राम कार्यक्रम की शुरुआत की है, इस कार्यक्रम के तारतम्य में नगर पंचायत छुरा के अध्यक्ष श्रीमती लुकेश्वरी थानसिंह निषाद जी के नेतृत्व में शीतला मंदिर प्रांगण में सुशासन तिहार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जहां नगरवासी अपने समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर रहे है, और उनके समस्याओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में दर्ज करके निराकरण किया जा रहा है। नगर पंचायत छुरा की अध्यक्ष महोदया



श्रीमती लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने जानकारी देते हुए बताया है कि यह कार्यक्रम 08/04/2025 दिन मंगलवार, 09/04/2025 दिन बुधवार और 11/04/2025 दिन शुक्रवार तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें छुरा नगर के सभी वार्डवासी, शीतला मंदिर प्रांगण में लगे शिविर में प्रातः 10 बजे से लेकर संध्या 05 बजे तक आकर अपनी समस्याओं के लिए लिखित आवेदन शिविर में रखे समाधान पेटी में डाल सकेंगे, इन समस्याओं की एक कॉपी ऑनलाइन दर्ज करके संबंधित विभाग के पास भी भेजी जाएगी। उन्होंने नगरवासियों से अपील की है वे अपने समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर में आएं जिससे जनता की समस्याओं का समाधान शीघ्र अतिशीघ्र किया जा सके। इस कार्यक्रम में सभापति बलराज पटेल, सभापति भोलेशंकर जायसवाल,सभापति रजनी लहरे,सभापति गरिमा ध्रुव,पार्षद शांतनु देवांगन, विधायक प्रतिनिधि मानसिंह निषाद, पूर्व सभापति थानसिंह निषाद,भाजपा नेता चम्पेश्वरगिरी गोस्वामी,समारू साहू, तुलाराम साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधि, नगरवासी उपस्थित थे।

# आईपीएल क्रिकेट सट्टा को पकड़ने में मिली सफलता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 09 अप्रैल।** थाना भाटापारा शहर की पुलिस टीम द्वारा संत रविदास वार्ड भाटापारा में घेराबंदी कर मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों द्वारा आईपीएल क्रिकेट मैच में मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन लोगिन आईडी लेकर पैसे का दांव लगाकर क्रिकेट सट्टा खिलाया जा रहा था। आरोपियों से 02 नग मोबाइल जप्त किया गया। इसी क्रम में दिनांक 03.04.2025 को ग्राम सुहेला तिगड्डा में आईपीएल क्रिकेट मैंचो पर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा लगाए जाने के संबंध में पता चला। कि प्रकरणों में आरोपियों के विरूद्ध 07 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 एवं 66 आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच कार्यवाही में लिया गया।

दोनों प्रकरणों की जांच एवं विवेचना कार्यवाही तथा तकनीकी विश्लेषण में यह ज्ञात हुआ कि आरोपियों द्वारा विभिन्न ऑनलाइन सट्टा एप का लॉगिन आईडी के



माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैंचो पर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा का संचालन किया जा रहा है। साथ ही सभी आरोपियों का मुख्यालय नई दिल्ली में है, जहां से इस पूरे ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा का संचालन किया जा रहा है, की सूचना पर थाना भाटापारा शहर एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा योजना बनाकर नई दिल्ली में घेराबंदी कर छापा मारा गया। इस दौरान 10 आरोपियों को आईपीएल क्रिकेट मैंचो पर मोबाइल, टीवी, लैपटॉप आदि इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा का संचालन करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। छापेमारी के दौरान आरोपियों से विभिन्न बैंक खाता भी जप्त किया गया है। इन खातों की जांच ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा के संचालन पर करोडों रुपए का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन होने का पता चला है। प्रकरण की जांच एवं पूछताछ पर पता चला कि आरोपी ऑनलाईन आईपीएल क्रिकेट सट्टा का संचालन देश के विभिन्न स्थानों में वितरित किये गये लागिन आईडी के माध्यम से कर रहे थे। रेड कार्यवाही के दौरान रायपुर, भाटापारा, राजनांदगांव, जांजगीर, छत्तीगसढ रींवा मध्यप्रदेश के कुल 10 अभियुक्तो की संलिप्तता पायी गई, जिन्हें हिरासत में लिया गया। आरोपियों से पृथक पृथक 08 लैपटॉप, 52 एण्ड्रायड मोबाइल फोन, 01 इंटरनेट राउटर, 42 एटीएम कार्ड, 64 विभिन्न बैंक अकाउंट, 22 विभिन्न बैंक के चेकबुक, 10 नग मोबाइल चार्जर, 03 इथर बाक्स, 01 लेन केबल एवं 03 एक्सटेंशन केबल एवं ?38,000 नगदी रकम जप्त किया गया है। रेड कार्रवाई के दौरान दो पैनल/बुक का संचालन आरोपियो द्वारा किया जा रहा था, जो दिल्ली शहर में किराये के दो फ्लैट में पृथक-पृथक रहकर संचालित कर रहे थे।

### 16 और 17 अप्रैल को की जाएगी आम फलों की नीलामी

**धमतरी 09 अप्रैल।** धमतरी जिले के दो शासकीय उद्यान रोपणियों में आम मातृवृक्षों में लगे आम फलों की नीलामी 16 और 17 अप्रैल को दोपहर ढाई बजे से की जाएगी। सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि धमतरी विकासखण्ड के शासकीय उद्यान रोपणी बेन्द्रानवागांव 16 अप्रैल और नगरी विकासखण्ड के शासकीय उद्यान रोपणी सेमरा में 17 अप्रैल को यह नीलामी होगी। उन्होंने बताया कि जो भी व्यक्ति नीलामी में बोली लगाकर आम फलबहार लेना चाहते हैं, वे नीलामी के पहले इसके नियम और शर्तें तथा आम फलबहार का अवलोकन उक्त नर्सरियों में जाकर कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इच्छुक व्यक्ति नर्सरियों पर अमानत राशि पांच हजार रूपये रोपणी कार्यालय में जमा कर प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे।

# कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों में आवेदन प्राप्ति स्थल का किया निरीक्षण




- आवेदनों को ऑनलाइन पोर्टल में शीघ्र प्रविष्टि के दिये निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 09 अप्रैल।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत सकरी एवं खम्हरिया में सुशासन तिहार अंतर्गत आवेदन प्राप्ति स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने आवेदन प्राप्ति स्थल में सुविधाओं का जायजा लेने के साथ ही उपस्थित कर्मचारियों से जानकारी ली एवं आवेदनों कों ऑनलाइन पोर्टल में शीघ्र प्रविष्टि करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों से समस्या की जानकारी ली।ग्राम पंचायत सकरी के ग्रामीणों ने निस्तारी तालाब में पानी की समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि एक निजी तालाब में निस्तारी हेतु पानी भरने नहीं दिया जा रहा। इस पर कलेक्टर ने सामूहिक रूप से आवेदन देने कहा। वहीं ग्राम पंचायत खम्हरिया के प्राथमिक शाला के एक कक्ष में सीलिंग में दरार की समस्या को 15 वें वित्त की राशि से मरम्मत कराने कहा।

कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन द्वारा लोगों की समस्या का गुणवत्तापूर्ण समाधान समय -सीमा में करने के लिए सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस तिहार में सभी अपनी सहभागिता निभाएं। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सकरी में 19 एवं ग्राम पंचायत खम्हरिया में 15 आवेदन प्राप्त हुए थे। इस दौरान एसडीएम अमित गुप्ता, तहसीलदार, प्रियंका तिवारी, अक्षय तिवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# 100 से अधिक रोटेरियंस रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने दुर्ग जाएंगे

**रायपुर, 09 अप्रैल।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 का प्रशिक्षण शिविर 12-13 अप्रैल को दुर्ग के रोमन पार्क में रोटरी क्लब भिलाई ग्रेटर द्वारा आयोजित किया जा रहा है यह ट्रेनिंग शिविर हमारी मित्रता का आरंभ ही नहीं है साथ ही – यह उस दिशा का निर्धारण है, जहाँ से हमारा नया वर्ष, हमारे नए विचार, नई सोच और हमारी नई प्रतिबद्धताएँ आकार लेंगी। आरंभ मित्रता का केवल एक थीम नहीं, बल्कि हम रोटेरियंस की मूल भावना है। क्योंकि सेवा का हर कदम मित्रता से शुरू होता है – और जब उद्देश्य साझा हो, तो हर सदस्य साथी बन जाता है। इस ÷आरंभ मित्रता का÷ प्रशिक्षण शिविर की विस्तृत जानकारी ÷रोटरी डिस्ट्रिक्ट मीडिया चैयरमैन रोटे नितिन जैन द्वारा प्रेस रिलीज़ के माध्यम से दी। वर्ष 2025-26 के निर्वाचित रोटरी डिस्ट्रिक्ट गर्वनर रोटे अमित जयसवाल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उड़ीसा के 150 से अधिक रोटरी क्लब के अध्यक्ष, सचिव के साथ 500 से अधिक रोटेरियन इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे। इस दो दिवसीय कार्यशाला में रोटरी के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और जल संरक्षण के क्षेत्र में बेहतर कार्यों को आगे बढ़ाने पर केंद्रित होगी। शिविर में इस विषय पर गहन चर्चा की जाएगी कि रोटरी के कार्यों को और अधिक प्रभावी कैसे बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में विशेष वक्ता के रूप में पूर्व प्रांतपाल एवं राज्यसभा सांसद रोटे विवेक तन्खा, पूर्व प्रांतपाल कमल संघवी, नेपाल से विशेष आमंत्रित रोटे बासुदेव गोलियन, भुवनेश्वर से रोटे देवाशीष मिश्रा, डिस्ट्रिक्ट 3262 प्रांतपाल मनोज त्रिपाठी (25-26) पूर्व प्रांतपाल अनिल अग्रवाल, पूर्व प्रांतपाल मोहन पलेसा, पूर्व प्रांतपाल उल्लास कोल्हटकर, रोटे जे.पी. काबरा,रोटरी क्लब भिलाई ग्रेटर अध्यक्ष रोटे संदीप अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी (25-26) रोटे सोमनाथ अग्रवाल, रोटे सुशील अग्रवाल रामदास, रोटे अजीत खंडेलवाल सहित अन्य प्रमुख अतिथि उपस्थित रहेंगे।

# सुशासन तिहार के निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें: कलेक्टर

- आवेदन लिखने में सुशासन मित्र करेंगे सहयोग
- संध्या चौपाल का होगा आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 09 अप्रैल।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को एसडीएम, जनपद सीईओ, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नोडल अधिकारियों की ऑनलाइन बैठक लेकर सुशासन तिहार के निर्देशों का शतप्रतिश अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने आवेदन प्राप्ति स्थल में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आवेदन प्राप्त करने के दौरान आवेदन प्राप्ति स्थल में ऐसे आवेदक जो आवेदन नहीं लिख पाते उनके सहयोग के लिए एनएसएस, एनसीसी सहित वालांटियर्स को सुशासन मित्र बनाएं और आवेदन लिखने में इनका सहयोग लें।




उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओ कों सुशासन मित्र बनाएं। स्कूल, कॉलेज, आईटीआई एवं पोलिटेक्निक कोलेजो में सुशासन तिहार के सम्बन्ध में निबंध प्रतियोगिता, नारा लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम का आयोजन कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि 12 अप्रैल से 31 अप्रैल तक ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रो में संध्या चौपाल का आयोजन करना है जिसमें शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से जन सामान्य को देना है।

उन्होने कहा कि संध्या चौपाल का आयोजन करीब 50 दिन तक चलेगा। कलेक्टर ने आवेदन प्राप्त करने के अवधि के दौरान सभी ग्राम पंचायतों में नोडल अधिकारियो कों दौरा करने तथा वहां पेयजल, सडक, बिजली, शिक्षा, राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, मानदेय, मनरेगा श्रमिको का परिश्रमिक भुगतान की समीक्षा करने के निर्देश दिये। बैठक में सी ई ओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# प्लेटफॉर्म श्रमिकों के पंजीयन के लिए आज से लग रहे शिविर

**धमतरी 09 अप्रैल।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत प्लेटफॉर्म श्रमिकों का ई श्रम पोर्टल में ज्यादा से ज्यादा पंजीयन किया जाना है। इसके लिए श्रम पदाधिकारी ने श्रम निरीक्षक श्रीमती निम्मी पटेल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि धमतरी जिले में संचालित प्लेटफॉर्म बेस्ड गिग वर्कर्स और उनके संगठनों से समन्वय और उनकी बैठक लेकर उनका पंजीयन किया जाएगा। इसके लिए आज से 16 अप्रैल तक शिविर लगाया जा रहा है। इसके साथ ही शिविर में संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। आज अमेजन कोरियर ऑफिस नवकार हॉस्टल धमतरी में शिविर लगाया गया है। वहीं 11 अप्रैल को आमातालाब रोड, इंडोर स्टेडियम के पास स्थित फ्लिपकार्ट कोरियर ऑफिस, 15 अप्रैल को विंध्यवासिनी वार्ड, कारगिल चौक के पास डेलहीवरी कोरियर ऑफिस और 16 अप्रैल को हाउसिंग कोर्ड कॉलोनी, हटकेशर वार्ड स्थित मीशो ऑफिस में शिविर आयोजित किए जाएंगे।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202504093400009**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2024-2025

**डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 (हे.)**
**पक्षकारों का विवरण**
**आवेदक पक्षकार - सौमित्र सोनी,**
**अनावेदक पक्षकार -**

## ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सौमित्र सोनी आ. चमन सोनी जाति सोनार सा. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र सक्षम आ. सौमित्र सोनी का जन्म दिनांक 23.09.2013 को ग्राम डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 21.04.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/04/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, राजनांदगांव (छ.ग.)**

## ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202503092100020 अ/2 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक देव कुमार आ. लेखराम आयु लग. 30 वर्ष जाति गोंड निवासी ग्राम राजकट्टा, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक एकल स्वामित्व एवं आधिपत्य में भू खण्ड (भूमि) ग्राम राजकहा प.ह.नं. 29 रा.नी.मं. चौथना, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ. ग. में खाता क्र. 150 खसरा नंबर 69/1 हेक्टेयर 0.2580 लगानी 0.5000 भूमि स्थित है। आवेदक अपने एकल स्वामित्व एवं आधिपत्य की उक्त भूमि पर आवेदक अपने निवास के लिये रिहायशी मकान बनवाना चाहता है किन्तु शासन के नियमानुसार उक्त भुखण्ड (भूमि) पर बिना डायवर्सन किये भवन निर्माण करना सम्भव नहीं है। आवेदक अपने निवास के लिये रिहायशी मकान बनवाना चाहता है जिस कारण आवेदक की उक्त भुखण्ड (भूमि) 69/1 हेक्टयर 0.2580 वर्गफूट भूखण्ड (भूमि) में से 0.101 हेक्टेयर भूमि का डायवर्सन करवाना चाहता है। आवेदक द्वारा ग्राम राजकहा प.ह.नं. 29 रा.नी.मं. चौथना, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. में खाता क्र. 150 खसरा नंबर 69/1 हेक्टेयर 0.2580 भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित किये जाने बाबत् छ.ग.भू. रा.संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 11/04/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)**

राजस्व प्रकरण क्रमांकः 202503190100006
विषयः अ-20 (3), सन-2024-2025

## ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं नगर पालिका परिषद् सुकमा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद सुकमा को नगर सुकमा, प.ह.नं. 13/सुकमा, तहसील सुकमा, जिला सुकमा (छ.ग.) में स्थित नजूल मद की शासकीय भूमि खसरा नम्बर 1301/2 रकबा 0.793 हेक्टेयर में से 0.096 हेक्टेयर/0.24 एकड़, खसरा नम्बर 1751/रकबा 3.470 हेक्टेयर में से रकबा 0.200 हेक्टेयर, खसरा नम्बर 220/3 रकबा 5.3060 हेक्टेयर में से रकबा 0.200 हेक्टेयर खसरा नम्बर 561 रकबा 5. 5040 हेक्टेयर में से रकबा 0.200 हेक्टेयर खसरा नम्बर 1038/1 रकबा 1.550 हेक्टेयर में से रकबा 0.200 हेक्टेयर तथा नदी तट की भूमि नक्शे में चिन्हांकित खसरा नम्बर 1173 रकबा 31.440 हेक्टेयर में से रकबा 0.080 हेक्टेयर भूमि कुल खसरा 06 कुल रकबा 0.976 हेक्टेयर भूमि को शासन की 'अमृत मिशन 2.0 पेयजल योजना' के अन्तर्गत 05 नग पानी टंकी एवं बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य तथा शबरी नदी के किनारे इंटेकवेल निर्माण किये जाने हेतु भूमि चिन्हांकित कर प्रस्तावित है। प्रकरण माननीय न्यायालय कलेक्टर महोदय, जिला सुकमा (छ.ग.) से चयनित एवं आबंटन हेतु छत्तीसगढ़ राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 4-1 की कण्डिका-25 में दिये गये बिन्दुओं तथा शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देश का पालन कर, विस्तृत जाँच प्रतिवेदन सहित प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुकमा के माध्यम से अंतिम आदेश हेतु प्रस्तुत करने इस न्यायालय को प्राप्त हुई है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वह अपना दावा-आपत्ति, स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 15.04.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सील से जारी।

मुहर
तहसीलदार
सुकमा, जिला-सुकमा

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)**

-: मैनुअल पद्धति निविदा सूचना : -

क्रमांक/202/लो.नि.वि./न.पा./2025 बालोद, दिनांक - 08/04/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार / फर्म जिला खनिज न्यास मद/अध्यक्ष/पार्षद निधि से प्राप्त मद अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद बालोद सीमाक्षेत्रांतर्गत बोर खनन कार्य | 9.00 | 750.00 | 15.04.2025 सायं 5:00 बजे तक |

उपरोक्त कार्यों के निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती हैं।

नगर पालिका के करों का भुगतान समय पर करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बालोद

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

NO.021-1710/PUBLICATION/1425 Korba West, dtd. 04-04-2025

**TENDER NOTICE No. 312/2025. (e-Bidding)**

**Online tenders** are invited from experienced & prospective bidders for the following Works:

| S. No | Tender No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date and time of submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RFX No. 8100042494 | Procurement of Foam Compounds for Fire Fighting division HTPS, Korba West. | 590/- | 13,376/- | 28.04.2025 |

NOTE: - 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website www.cspc.co.in–e-Bidding. 2. Quantity as per tender schedule.

SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

SUPERINTENDING ENGINEER (P-II)
O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)HTPS, CSPGCL, KORBA WEST

S-43478/1

**कार्यालय कलेक्टर धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक/ 2592/ प्रपत्र शाखा/2025 धमतरी, दिनांक 07/04/2025

कार्यालय कलेक्टर जिला धमतरी हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए धमतरी जिले के अंतर्गत कार्यालय में लेखन सामग्री क्रय करने हेतु निविदा दर आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र, निविदा की विस्तृत जानकारी एवं नियम शर्ते जिला कार्यालय धमतरी के कक्ष क्रमांक 22 में आवेदन प्रस्तुत कर राशि 500.00 रूपये नगद भुगतान कर दिनांक 07.05.2025 तक कार्यालयीन दिवस / समय में प्राप्त किये जा सकते है। निविदा हेतु समय सारणी निम्नानुसार हैः-

| क्र. | विवरण | दिनांक | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि | 07.05.2025 | कार्यालयीन समयावधि सायं 5.30 बजे तक |
| 02. | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि | 08.05.2025 | समय अपरान्ह 3:00 बजे तक स्वंय/प्रतिनिधि के द्वारा बाई हैण्ड निविदा पेटी में जमा किया जा सकता है। |
| 03 | निविदा खोलने की तिथि | 08.05.2025 | समय अपरान्ह 4.00 बजे |

कार्य के लिए अमानत राशि 30000.00 रूपये (अक्षरी तीस हजार रूपये मात्र) निर्धारित है। निविदा की सामान्य तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में जिला कार्यालय धमतरी के प्रपत्र शाखा कक्ष क्रमांक 22 से प्राप्त की जा सकती है, तथा जिला कार्यालय की वेबसाईट https://dhamtari.gov.in में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।

कलेक्टर
जिला-धमतरी (छ.ग)

G-252600152/4

## एक नजर

### जैन मंदिर में 29 लाख 16 हजार नवकार महामंत्र का जाप



**रायपुर, 09 अप्रैल।** आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , भैरव सोसायटी में विश्व नवकार दिवस पर आज प्रातः नवकार महामंत्र का जाप किया गया। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि नवकार महामंत्र के नव पदों के उच्चारण की ध्वनि तरंगों से विश्व शांति , अहिंसा , जीव दया के वातावरण का निर्माण होता है , नमस्कार महामंत्र में पंचपरमेष्ठी के 108 गुणों का स्मरण किया जाता है । एक पक्की माला में 108 बार नवकार का जाप होता है। पूरे भैरव सोसायटी , दावड़ा , वालफोर्ड , जैनम , आम्रपाली व आसपास के 1000 से ज्यादा जैन परिवारों में भाई बहनों ने 9 - 9 नवकार की पक्की माला जाप किया । भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर जन्मकल्याणक पखवाड़े के तहत मूक पशु पक्षियों की सेवा व मानव सेवा के प्रकल्प हो रहे हैं , ट्रस्टी नीलेश गोलछा ने बताया कि चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में जयपुर पैर का वितरण किया जाता है , आज मंदिर परिसर में 100 वे जयपुर पैर का वितरण किया गया । स्व राजेन्द्र पारख , डोंडीलोहारा के आत्मश्रेयार्थ , संतोष सरला बैद , स्व प्रवीण भाई पटेल के आत्मश्रेयार्थ रूपेश पटेल द्वारा दिव्यांगों को कृत्रिम पैर में सहयोग प्रदान किया गया।

### मुद्रा योजना से छत्तीसगढ़ के युवा बन रहे आत्मनिर्भरः साव

**रायपुर, 09 अप्रैल।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायपुर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कल मुद्रा योजना के दस वर्ष पूरे होने पर योजना के लाभार्थियों से बातचीत की। इस दौरान छत्तीसगढ़ की बेटी ईशा पटेल को भी संवाद करने का अवसर मिला। यह प्रदेश के लिए गौरव की बात है। साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में लोग मुद्रा योजन का लाभ उठा रहे हैं। इसमें ईशा पटेल भी एक है, जो रायपुर में हाउस ऑफ पुचका कैफे चलाती हैं। मुद्रा योजना से लाभ लेकर वह आत्मनिर्भर बनी हैं। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री जी की मुद्रा योजना से करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इससे देश के करोड़ों युवाओं को संबल मिल रहा है। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि, योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का ऋण बिना गारंटी के उपलब्ध कराया जाता था। अब इसकी सीमा 20 लाख रुपए तक बढ़ा दी गई है। बिना गारंटी के इतना बड़ा लोन रोजगार का माध्यम बन रहा है। यह प्रधानमंत्री मोदी जी की दूरदर्शी सोच है। आगामी समय में इसका और सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा।

### अस्पतालों में मरीजों की बढ़ी कतार

**रायपुर, 09 अप्रैल।** चैत्र माह की गर्मी में पूर्णिमा के बाद लगातार होने वाले बदलाव से इन दिनों सरकारी चिकित्सालयों जैसे जिला चिकित्सालय, मेकाहारा, एम्स हास्पिटल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चक्कर, उल्टी, डायरिया, टाइफाइड, वायरल फीवर आदि के मरीजों की कतार में वृद्धि देखी जा रहा है। सीजनल बीमारियों के इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव छग शासन द्वारा दूरस्त क्षेत्रों में एवं समस्त ग्रामीण चिकित्सा केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में दवाईयों के स्टाक की आपूर्ति की जा रही है। वहीं जेएन मेडिकल कालेज एवं मेकाहारा के पूर्व डीन डॉ. विवेक चौधरी एवं डॉ. शशांक गुप्ता ने आम लोगों से स्वास्थ्य की देखभाल के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीने ठंडे पेय पदार्थों के सेवन करने एवं इलेक्ट्राल पाउडर, ग्लोकोज आदि के पाउच का सेवन करने की अपील की है। पूर्व चिकित्स द्वय डॉ. गुप्ता डॉ. चौधरी ने बाहर निकलते समय स्कार्फ बांधकर लू से बचने की लोगों से अपील की है साथ ही नीबू शरबत का लगातार सेवन करने की सलाह दी है।

### तेज रफ्तार वाहन ने युवक को कुचला

**रायपुर, 09 अप्रैल।** राजधानी रायपुर में एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा धरसीवां थाना क्षेत्र में हुआ, जहां तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना प्रभारी धरसीवां से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक युवक का नाम उज्जवल है, जो तेलीबांधा की विधायक कॉलोनी का निवासी था। हादसे में उसके सिर में गंभीर चोट आई थी, जिसके चलते उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है और हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है। युवक की असामयिक मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है। उज्जवल की असमय मृत्यु से उसके परिवार और मोहल्ले में शोक की लहर है। जानने वालों ने बताया कि उज्जवल एक शांत और मिलनसार स्वभाव का युवक था और उसका अचानक इस तरह चले जाना सभी को गहरे सदमे में डाल गया है। वहीं पुलिस ने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। यह हादसा एक बार फिर राजधानी की सड़क सुरक्षा व्यवस्था और तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाने की जरूरत को उजागर करता है। स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन से सड़कों पर निगरानी बढ़ाने और नियमों का कड़ाई से पालन कराने की मांग की है।

# छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने 15 लोगों को थमाया नोटिस




**रायपुर, 09 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने राजधानी के हलवाई लाइन और मालवीय रोड इलाके के 15 दुकानदारों को नोटिस जारी कर बड़ा कदम उठाया है। बोर्ड के अनुसार इन दुकानदारों ने वक्फ की संपत्तियों का फर्जी तरीके से क्रय-विक्रय कर दुकानों का कब्जा किया है। वक्फ बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि इन संपत्तियों पर बिना वैध दस्तावेजों के खरीदी-बिक्री और उपयोग किया गया है। इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए सभी दुकानदारों को स्पष्टीकरण के लिए नोटिस भेजा गया है, जिसमें उनसे सम्पत्ति से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया है। छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष नोटिस प्राप्त करने वालों में से कुछ दुकानदार हलवाई लाइन के हैं, जबकि दो से तीन दुकानदार मालवीय रोड क्षेत्र से संबंधित हैं। इस पूरे मामले की जांच स्वयं छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज की निगरानी में की जा रही है। वक्फ बोर्ड का कहना है कि वास्तविक स्थिति का पूरी गंभीरता से अध्ययन किया जा रहा है, और सच्चाई की सतह तक जाने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

जांच पूर्ण होने के बाद यदि अनियमितताएं प्रमाणित होती हैं, तो वक्फ बोर्ड इन सभी दुकानदारों को बेदखल करने का प्रस्ताव शासन को भेजेगा।

फिलहाल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज दिल्ली प्रवास पर हैं, और उनकी वापसी के बाद आगे की कार्रवाई की दिशा और विवरण सामने आएंगे जिसके बाद सच्चाई के साथ कई बड़े खुलासे होंगे। वक्फ बोर्ड का यह कदम राज्य की विवादित वक्फ संपत्तियों को पुनः नियंत्रण में लेने की प्रक्रिया का हिस्सा माना जा रहा है।

प्रदेशभर में फैली छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड की संपत्तियों में से लगभग 90 फीसदी जमीनें विवादों या अवैध कब्जों की भेंट चढ़ चुकी हैं। राज्य में वक्फ बोर्ड के पास कुल 5,723 संपत्तियां दर्ज हैं, जिनमें से 4,942 संपत्तियों पर किसी न किसी प्रकार का कब्जा, विवाद या स्वामित्व विवाद चल रहा है। इनमें से अधिकांश संपत्तियां शहरों के प्राइम लोकेशन पर स्थित हैं, जिनकी अनुमानित कुल कीमत करीब 5,000 करोड़ रुपए आंकी गई है। राजधानी रायपुर के मालवीय रोड, बैजनाथपारा और टिकरापारा जैसे प्रमुख इलाकों में वक्फ की कीमती जमीनों पर दुकानें और मकान बन चुके हैं। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में भी वक्फ की संपत्तियों पर अवैध कब्जे या अतिक्रमण की स्थिति बनी हुई है।

## भागवत कथा का समापन



**रायपुर, 09 अप्रैल।** विगत दिनों रामनवमी के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती वीणा सिंह ने ओमप्रकाश गुप्ता के निवास में आयोजित श्रीमदभागवत कथा का श्रवण किया। कथावाचक पं. नीलेश तिवारी ने जीवन में भागवत कथा सुनने का महत्व बताया। छत्तीसगढ़ प्रदेश सौंडिक समाज के अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने श्रीमती सिंह का समाज की तरफ से स्वागत कर सौंडिक पत्रिका भेंट किया।

इस अवसर पर परिवार के सदस्यों के साथ प्रमुख रूप से सुरेश प्रसाद गुप्ता, सतीश गुप्ता,आनंद प्रसाद गुप्ता , नंद किशोर चौधरी, शिव प्रसाद साहू, अभिषेक गुप्ता,परमानन्द प्रसाद गुप्ता, आनंद गुप्ता उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए अब मिलेंगे 3 लाख



■ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना में प्रावधान

**रायपुर, 09 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लेने के लिए अब राज्य शासन की ओर से तीन लाख रुपये तक की सहायता दी जाएगी. आर्थिक कठिनाई के कारण राज्य के खिलाड़ी कई बार अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लेने से चूक जाते हैं. इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस साल के बजट में अधिकतम 3 लाख रुपये का प्रावधान कर दिया है. साथ ही इन स्पर्धाओं में भाग लेने से पहले तैयारी के लिए संबंधित खेलों के उपकरण आदि के लिए भी राज्य शासन की ओर से फंड जारी किया जाएगा. यह प्रावधान क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के तहत किया जाएगा. इसमें ओलंपिक खेल, विश्व कप, एशियाड या राष्ट्रमंडलीय खेलों को ही शामिल किया गया है. इसके लिए खिलाड़ियों को अपने चयन संबंधी पत्र और वास्तविक यात्रा टिकट आदि प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा. इसी के आधार पर यात्रा व्यय की राशि की गणना की जा सकेगी. इसके लिए अनुदान के प्रकरणों पर प्रभारी मंत्री की अनुसंशा या अनुमोदन पश्चात कलेक्टर द्वारा कार्यवाही की जाएगी. खेल संचालक तनुजा सलाम ने बताया कि योजना के लिए इस वित्तीय वर्ष में शासन ने 50 करोड़ का बजट रखा है. इसमें मुख्य रूप से 6 बिंदुओं को शामिल किया गया है. इनमें गांव से लेकर जिला मुख्यालय में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना, खेल प्रतिभाओं की पहचान करना एवं खेल मैदानों का उन्नयन कर खेल उपकरण प्रदान करना, खेलों की क्लब संस्कृति को बढ़ावा देकर पंजीकृत समिति या क्लबों को स्पर्धाओं का आयोजन करने आर्थिक सहयोग देना तथा पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करने बढ़ावा देना है. स्टेडियम और इंडोर हॉल के निर्माण के लिए जिला कलेक्टर के प्रस्ताव पर खेल विभाग सक्षम होगा. इसमें 80 लाख तक की सीमा के प्रस्ताव की स्वीकृति विभाग से और 3 करोड़ तक के निर्माण संबंधी प्रस्तावों पर प्रशासकीय स्वीकृति लेनी होगी. संचालक, खेल एवं युवा कल्याण स्तर पर पंजीकृत खेल समिति या क्लब को 5 लाख तक आर्थिक सहायता व खेल उपकरण की स्वीकृति संचालनालय स्तर पर ही होगी. इसके लिए जिला खेल अधिकारी के माध्यम से प्रस्ताव आवश्यक रहेगा।

### कार्यकर्ताओं को जनसंघ और भाजपा का इतिहास पढ़ना चाहिएः बृजमोहन

**रायपुर, 09 अप्रैल।** भाजपा सम्मेलन में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सम्मेलन को बतौर विशिष्ट अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की राजनीति 1951 से शुरू होती है जब डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ स्थापना की। 1980 में समुद्र के किनारे भारतरत्न श्रद्धेय अटलबिहारी वाजपेयी ने यह भविष्यवाणी की थी कि अंधेरा छँटेगा, सूरज उगेगा, कमल खिलेगा। 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेगा' का नारा देने वाले हमारे संस्थापक डॉ. मुखर्जी आज स्वर्ग से यह देखकर खुश हो रहे होंगे कि उनका संकल्प साकार हुआ है। श्री अग्रवाल ने कहा कि इस देश में रहने वाले जितने लोग हैं, न्याय सब सबके साथ होना चाहिए। अब इस देश के मुसलमान के साथ भी न्याय होगा। गरीबों को पक्का मकान मिलेगा, अस्पताल मिलेगा।

## हुक्का कारोबारी के घर पुलिस की दबिश, भारी मात्रा में सामान बरामद



**रायपुर, 09 अप्रैल।** राजीव नगर में हुक्का कारोबारी के घर क्राइम ब्रांच की टीम ने दबिश दी है। इस दौरान टीम को भारी मात्रा में हुक्का का सामान मिला है। जिसकी कीमत लाखों रुपए आंकी गई है। पुलिस ने अब सभी हुक्के का सामान को जब्त कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार, मामला राजीव नगर का है। दरअसल, यहां रहने वाले अशोक मंधानी के यहां पुलिस ने दबिश दी है। बताया जा रहा है कि हुक्का कारोबारी अशोक मंधानी के घर में ताबड़तोड़ रेड के दौरान कई कमरे हुक्के के सामान से भरे हुए थे, जिन्हें व्यवस्थित तरीके से रेक बनाकर रखा गया था। क्राइम ब्रांच टीम ने लगभग 50 से 75 लाख रुपये का हुक्का संबंधित सामान जब्त किया है। इस सामान में सैकड़ों हुक्का पाट, फ्लेवर और चारकोल के डब्बे शामिल थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने बताया कि छत्तीसगढ़ में हुक्का के सामान का बेचना, खरीदना और पिलाना प्रतिबंधित है, और अशोक मंधानी पहले भी इस तरह के अपराध में दो बार पकड़ा जा चुका है। यह छापेमारी क्राइम ब्रांच खम्हारडीह थाना टीम के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि क्राइम ब्रांच की टीम को हुक्के का सामान ले जाने के लिए तीन गाड़ियां लानी पड़ी।

# राज्यपाल ने दिव्यांग राधेश्याम को दिया प्रोत्साहन अनुदान का चेक



**रायपुर, 09 अप्रैल।** राज्यपाल रमेन डेका ने सारंगढ़ प्रवास के दौरान दिव्यांग राधेश्याम को प्रोत्साहन अनुदान का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर धर्मेश साहू, पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे, सीईओ जिला पंचायत इंद्रजीत बर्मन, उप संचालक समाज कल्याण व पंचायत विनय तिवारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। राज्य सरकार द्वारा सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के तहत प्रदान किए गए 20 हजार रुपए की राशि को दिव्यांग राधेश्याम, अपनी आगे की पढ़ाई के लिए होने वाले खर्च के लिए उपयोग कर सकेगा। समाज कल्याण विभाग की महत्वाकांक्षी योजना सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत ऐसे दिव्यांग परीक्षार्थी जिन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सिविल सेवा प्रतियोगी परीक्षा की प्रारंभिक, मुख्य या साक्षात्कार में सफलता प्राप्त की हो, उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप एकमुश्त अनुदान राशि प्रदाय की जाकर लाभान्वित किया जाता है। सारंगढ़ के ग्राम खैरा बड़े निवासी अस्थिबाधित दिव्यांग राधेश्याम यादव द्वारा छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विभाग में आवेदन किया था, जिस पर विभाग द्वारा 20 हजार रुपए का अनुदान स्वीकृति करते हुए प्रोत्साहन राशि उनके बैंक खाते में अंतरित कर लाभान्वित किया गया।

## खमतराई स्कूल में प्याऊ का शुभारंभ



**रायपुर, 09 अप्रैल।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष जी स्वामी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ सुरेश शुक्ला जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर विजय कुमार खंडेलवाल के आदेशानुसार एवं जिला सचिव मृत्युन्जय शुक्ला के मार्गदर्शन में बढ़ती गर्मी को देखते हुए,राहगीरों की प्यास बुझाने हेतु सेवा में तत्पर डब्ल्यू आर एस नगर पालिका निगम उ. माध्यमिक शाला खमतराई के स्काउट दल एवं गाइड टीम द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जोन अध्यक्ष गज्जू साहू एवं मृत्युंजय शुक्ला स्काउट मास्टर के सहयोग से प्याऊ केन्द्र पर पानी पिलाने का पुनीत कार्य प्रारंभ किया गया । इस अवसार पर शाला के प्राचार्य प्रदीप चंद भोई, पूर्व पार्षद मोहन उपरकर ,पूर्व पार्षद गोदावरी साहू, शाला जन भागीदारी के अध्यक्ष बंसी साहू , सदस्य बसंत साहू , भाऊ सिंग ठाकुर, दुर्वासा माटाले एवं शाला के स्काउट, गाइड एवं छात्र व नागरिकगण उपस्थित रहे।

बैठक...



रायपुर। आज भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में निगम, मंडल, आयोग अध्यक्ष व उपाध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, भाजपा प्रदेश प्रभारी नीतिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव , मुख्यमंत्री विष्णु देव साय क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, महामंत्री संगठन पवन साय जी सहित नेता गण, पदाधिकारी गण मौजूद थे।

### आज देशभर में कमल खिल चुका हैः साय

**रायपुर, 09 अप्रैल।** भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के पहले अध्यक्ष, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की वह भविष्यवाणी सत्य हो गई है कि अंधेरा छँटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। आज देशभर में कमल खिल चुका है आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीति पार्टी के रूप में भारतीय जनता पार्टी स्थापित हो चुकी है। सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के सतत परिश्रम और पुरुषार्थ से भाजपा ने अब तक की यह यात्रा तय की है। श्री साय मंगलवार को यहाँ रायपुर शहर जिला भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

## समस्याएं बताकर जनता मना रही सुशासन तिहार

**रायपुर, 09 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में शुरू हुए राज्य व्यापी सुशासन तिहार में लोगों द्वारा अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन देने का सिलसिला शुरू हो गया है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोग बेहिचक आवेदन दे रहे हैं। लोगों को भरोसा है कि उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित पहल की जाएगी। सुशासन तिहार के पहले चरण में आम लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक राज्य के सभी ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों और जिला मुख्यालयों में आवेदन लिए जा रहे हैं। राजधानी रायपुर में आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने राजधानी के विभिन्न वार्डों में पहुंच कर लोगों को अपनी समस्या के निराकरण के लिए आवेदन देने की अपील की। उन्होंने नगर निगम के जोन क्रमांक 4 के कार्यालय और विभिन्न वार्डों में आवेदन लिये जाने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने लोगों से अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए बिना किसी हिचक के आवेदन करने कहा। महासमुंद जिले में कलेक्टोरेट, जनपद और तहसील कार्यालय में समाधान पेटी की व्यवस्था की गई है। सुशासन तिहार के सफल संचालन के लिए कलेक्टर द्वारा 51 नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। कलेक्टर महासमुंद विनय कुमार लंगेह ने जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर आवेदन लेने की प्रक्रिया का जायजा लिया और अधिकारियों से कहा कि लोगों को आवेदन देने के लिए किसी प्रकार का दिक्कत न हो इसका विशेष रूप से ध्यान दें। आवश्यकतानुसार कई केंद्रों में आवेदन देने मदद करने के लिए कर्मचारी तैनात किए गए हैं। धमतरी जिले के कलेक्टर अबिनाश मिश्रा सहित जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव और तीनों अनुभागों के अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों ने आज पोटियाडीह, परसतराई, ग्राम पंचायतों में पहुंचकर सुशासन तिहार के दौरान आवेदन लेने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस दौरान अशिक्षित आवेदकों के आवेदन लिखने के लिए किसी कर्मचारी की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को आवेदन देने से मना या रोका नहीं जाए। इसके बाद कलेक्टर ने नगर निगम क्षेत्र में हटकेशर वार्ड पहुंचकर वहां मौजूद महिलाओं और लोगों से बातचीत की। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में अपनी मांगों और समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन करने को कहा।

# क्लबों की आड़ में देह व्यापार व नशे के खिलाफ युवक कांग्रेस ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 09 अप्रैल।** युवा कांग्रेस ने आज रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा, जिसमें राजधानी रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र अंतर्गत हाइपर क्लब सहित अन्य क्लबों में चल रहे देह व्यापार, अश्लीलता व नशे के कारोबार के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की गई। ज्ञापन में प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला के नेतृत्व में बताया गया कि राजधानी के कई क्लबों में शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा (रात्रि 12 बजे) की खुलकर अवहेलना हो रही है। पुलिस की मिलीभगत से सुबह 5 बजे तक खुलेआम शराब परोसी जाती है और सूखे नशे का सेवन कराया जाता है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि हाइपर क्लब में देर रात भगवान के भजन बजाकर युवाओं को धार्मिक माहौल का आभास कराया जाता है और उसी दौरान शराब परोसी जाती है, जो समाज और संस्कृति दोनों का घोर अपमान है। इसके साथ ही हाइपर क्लब में निलंबित स्वास्थ्य विभाग कर्मी जेम्स बेक द्वारा एक बड़ा अनैतिक रैकेट चलाया जा रहा है। युवाओं को देह व्यापार में फंसाकर उनसे अवैध वसूली की जा रही है। बदनामी के डर से युवा इसकी शिकायत तक नहीं कर पा रहे हैं। जैसे अन्य क्लबों में भी एमडीएमए, कोकीन, ब्राउन शुगर, चिट्ठा, मौली टैबलेट और हाइब्रिड मरुआना जैसे जानलेवा नशे खुलेआम बेचे जा रहे हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला के साथ हस्ढ़ जिला अध्यक्ष शान्तनु झा, लक्षित तिवारी,विमल साहू, संस्कार पांडे, शुभम् दुबे, आशीष, शिवम् सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस गंभीर मामले पर रायपुर पुलिस जिला कप्तान श्री लाल उमेद सिंह ने त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई, तो संगठन को धरना, प्रदर्शन एवं चक्काजाम जैसे कदम उठाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26